# वक्ता 2020

**एजे थॉमस**
एजे थॉमस एक कवि, लेखक, अनुवादक और संपादक हैं, जिनके हिस्से 25 से अधिक पुस्तकें हैं।  आप *इंडियन लिटरेचर* के संपादक थे और अब इसके अतिथि संपादक के रूप में काम करते हैं।  आपने 2008 से 2014 तक लीबिया में बेंग़ाज़ी यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी की शिक्षा दी। आप इग्नू में वरिष्ठ सलाहकार भी थे। आपने कथा पुरस्कार, एकेएमजी प्राइज़ और वोडाफोन क्रॉसवर्ड पुरस्कार, भारत के संस्कृति मंत्रालय की एक वरिष्ठ फैलोशिप और दक्षिण कोरिया के संस्कृति विभाग के लिए मानद फैलो को प्राप्त किया है।

**आंचल मल्होत्रा**
आंचल मल्होत्रा एक मौखिक इतिहासकार हैं और रेमनेंट्स ऑफ ए सेपरेशन: ए हिस्ट्री ऑफ द पार्टीशन थ्रू मटेरियल मेमोरी की लेखिका हैं, जो वैश्विक सांस्कृतिक समझ के लिए ब्रिटिश एकेडमी के 2019 के नायेफ अल-रोधन पुरस्कार, हिंदू लिट फॉर लाइफ नॉन फिक्शन पुरस्कार, कमलादेवी चट्टोपाध्याय एनआईएफ बुक प्राइज और शक्ति भट्ट फर्स्ट बुक प्राइज के लिए चुनी गई। आप म्यूज़ियम ऑफ़ मटिरियल मेमोरी की सह-संस्थापक हैं और वर्तमान में प्रथम विश्वयुद्ध में भारतीय सैनिकों की संवेदनात्मक स्थिति के बारे में एक किताब पर काम कर रही हैं।

**अभय के.**
अभय के. आठ कविता संग्रहों के रचनाकार और *द ब्लूम्सबरी एंथोलॉजी ऑफ़ ग्रेट इंडियन पोयम्स, कैपिटल्स* और *न्यू ब्राज़ीलियन* कविताओं के संपादक हैं। आपके आगामी कविता संग्रह का शीर्षक *द अल्फाबेट्स ऑफ लैटिन अमेरिका* है। आपके 'अर्थ एंथम' का 50 से अधिक भाषाओं में अनुवाद हुआ है। आपको सार्क साहित्य पुरस्कार 2013 मिला और 2018 में आप वाशिंगटन डीसी में लाइब्रेरी ऑफ़ कांग्रेस में अपनी कविताओं को रिकॉर्ड करने के लिए आमंत्रित किए गए।

**अभिजीत बनर्जी**
अभिजीत बनर्जी मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अर्थशास्त्र के फोर्ड फाउंडेशन इंटरनेशनल प्रोफेसर हैं और एस्थर डुफ्लो और सेंथिल मुलैनाथन के साथ अब्दुल लतीफ जमील पावर्टी एक्शन लैब (जे-पाल) के संस्थापक और सह-निदेशक हैं। आपकी हालिया प्रकाशित किताब *गुड इकोनॉमिक्स फॉर हार्ड टाइम्स* है, जो आपने प्रोफेसर एस्थर डुफ्लो के साथ लिखी  है।  बनर्जी अर्थशास्त्र के 2019 के नोबेल पुरस्कार के सह-विजेता हैं।

**आकाश कपूर**
आकाश कपूर *इंडिया बिकमिंग: अ जर्नी थ्रू ए चेंजिंग लैंडस्केप* के लेखक हैं, जिसे *द न्यू यॉर्कर, द न्यू रिपब्लिक* और *इंडियन एक्सप्रेस* द्वारा बुक ऑफ द ईयर और *द न्यू यॉर्क टाइम्स* द्वारा संपादक की पसंद कहा गया था। आप व्हिटिंग नॉनफिक्शन ग्रांट के प्राप्तकर्ता हैं और आपका काम *द अटलांटिक, द इकोनॉमिस्ट, ग्रांटा, द हिंदू, द न्यू यॉर्कर, आउटलुक, टाइम* और *वॉल स्ट्रीट जर्नल* में प्रकाशित हुआ है। आप इंटरनेशनल *न्यूयॉर्क टाइम्स* के लिए 'लैटर फ्रॉम इंडिया' स्तम्भ के पूर्व लेखक हैं। आप एक एंथोलॉजी, *ऑरोविले: ड्रीम एंड रियलिटी* के संपादक भी हैं। आप आदर्श समाज की खोज के बारे में एक पुस्तक पर काम कर रहे हैं, जिसका शीर्षक है, *बेटर टू हैव गॉन*।  आप न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में गॉवलै में एक वरिष्ठ फेलो और केरा यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक सलाहकार परिषद के सदस्य हैं।

**एलेक्जेंड्रा प्रिंगल**

एलेक्जेंड्रा प्रिंगल ब्लूम्सबरी प्रकाशन की मुख्य संपादक हैं। आपके लेखकों में मार्गरेट एटवुड, रिचर्ड फोर्ड, एलिजाबेथ गिल्बर्ट, खालिद हुसैनी, झुम्पा लाहिड़ी, कोलम मैककैन, ऐनी माइकल्स, एन पैचेट, जॉर्ज सॉन्डर्स, कामिला शम्सी और पैटी स्मिथ शामिल हैं। आप सेंसरशिप पर इंडेक्स की एक संरक्षक, रिप्रीव चैरिटी की ट्रस्टी और रॉयल सोसाइटी ऑफ लिटरेचर की एक मानद फैलो हैं। आपको एंग्लिया रस्किन विश्वविद्यालय और वॉरविक विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ लेटर्स की मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया है।

**अमिताभ मट्टू**

अमिताभ मट्टू जेएनयू और मेलबर्न विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर हैं। वह भारत के बेहतरीन कॉलेज मिरांडा हाउस की समिति के अध्यक्ष भी हैं। प्रोफेसर मट्टू जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडल स्तर के सलाहकार थे। आपको शिक्षा और सार्वजनिक जीवन में योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

**आनंद गिरिधरदास**

आनंद गिरिधरदास एक लेखक हैं और हाल प्रकाशित *विनर्स टेक ऑल: द एलीट शराड ऑफ चेंजिंग द वर्ल्ड* के लेखक हैं। आपकी अन्य पुस्तकें *द ट्रू अमेरिकन: मर्डर एंड मर्सी इन टेक्सास* और *भारत कॉलिंग: एन इंटिमेट पोर्ट्रेट ऑफ ए नेशन रीमेकिंग* हैं। *द ट्रू अमेरिकन: मर्डर एंड मर्सी इन टेक्सास* एक मुस्लिम आप्रवासी के उसे मारने की कोशिश करने वाले श्वेत वर्चस्ववादियों के डेथ रो से बचने के अभियान के बारे में है। आप TIME के लिए एडिटर-ऑन-लार्ज, एमएसएनबीसी के लिए ऑन-एयर राजनीतिक विश्लेषक और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में आर्थर एल कार्टर जर्नलिज्म इंस्टीट्यूट में विजिटिंग स्कॉलर हैं। आप *न्यूयॉर्क टाइम्स* के पूर्व स्तंभकार और संवाददाता हैं। आपने *द टाइम्स, द अटलांटिक, द न्यू यॉर्कर* इत्यादि के लिए भी लिखा है। आपको सोसाइटी ऑफ पब्लिशर्स इन एशिया, येल में पत्रकारिता में पोयंटर फैलोशिप, एस्पेन इंस्टीट्यूट की हेनरी क्राउन फैलोशिप, हार्वर्ड विश्वविद्यालय से आउटस्टैंडिंग लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड फ़ॉर ह्यूमनिज़्म इन कल्चर और न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी के हेलेन बर्नस्टीन अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

**आनंद गोपाल**

आनंद गोपाल *द न्यू यॉर्कर, द न्यूयॉर्क टाइम्स* पत्रिका और अन्य पत्रिकाओं के लिए लिखते हैं। आप *नो गुड मेन अमंग द लिविंग: अमेरिका, तालिबान, एंड वॉर थ्रू अफ़ग़ान आईज* के लेखक हैं। आपने इराक और सीरिया से अपनी रिपोर्टिंग के लिए नेशनल मैगज़ीन अवार्ड, जॉर्ज पोल्क अवार्ड और अन्य पुरस्कार हासिल किए हैं।

**आनंद नीलकंठन**

आनंद नीलकंठन एक लेखक, स्तंभकार, पटकथा लेखक, टेलीविजन व्यक्तित्व और प्रेरक वक्ता हैं। आपने अंग्रेजी में पांच और मलयालम में एक उपन्यास लिखा है। आपकी पहली कृति *असुर, द टेल ऑफ द वैंक्विश्ड*, रामायण के भारतीय महाकाव्यों पर आधारित है। आपकी अगली पुस्तक श्रृंखला *अजय: रोल ऑफ द डाइस* और *अजय: राइज़ ऑफ़ काली* महाभारत पर आधारित थी। नीलकंठन ने ब्लॉकबस्टर फिल्म *बाहुबली* के निर्माताओं के साथ तीन-पुस्तकों की एक श्रृंखला पर हस्ताक्षर भी किए हैं। श्रृंखला फिल्म का प्रीक्वल है जिसके अधिकार नेटफ्लिक्स ने पहले ही ले लिए है।

**अनंत विजय**

अनंत विजय दो दशकों से अधिक समय के पत्रकारिता के अनुभव वाले एक वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार और लेखक हैं, जो वर्तमान में *दैनिक जागरण* के साथ काम कर रहे हैं। आपने विभिन्न शैलियों में नौ पुस्तकें लिखी हैं और बेस्टसेलिंग पुस्तक *बॉलीवुड सेल्फी* के लेखक हैं। आपकी हालिया प्रकाशित किताब है, *मार्क्सवाद का अर्धसत्य*। वर्तमान में आप हिंदी सिनेमा के दिग्गजों पर पुस्तक *सुपरस्टार सेल्फी* पर काम कर रहे हैं। सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन के लिए आपको राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**अनीसुर रहमान**
अनीसुर रहमान, पूर्व में जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली में अंग्रेजी के प्रोफेसर थे और वर्तमान में रेख़्ता फाउंडेशन में वरिष्ठ सलाहकार हैं। आपकी हालिया प्रकाशित किताबें हैं, *अर्दनवेर: सिक्सटी पोयम्स, इन ट्रांसलेशन: पोज़िशन्स एंड पैराडाइम्स, हज़ारों ख्वाहिशें ऐसी: द वन्डरफुल वर्ल्ड ऑफ उर्दू ग़ज़ल्स, सोशियोलिटरेरी कल्चर्स इन साउथ एशिया* और *ए गार्डन ऑफ ऑल सेंसेज़: फाइव सेंचुरीज ऑफ बेस्ट उर्दू पोएट्री*।

**अनित मुखर्जी**
अनित मुखर्जी सिंगापुर में नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में एस. राजारत्नम स्कूल ऑफ़ इंटरनेशनल स्टडीज़ में सहायक प्रोफेसर हैं। आप भारतीय सेना में एक पूर्व अधिकारी रहे हैं और आपने जॉन्स हॉपकिंस विश्वविद्यालय के पॉल एच. नित्ज़े स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज से पीएचडी की है। वह *द एब्सेंट डायलॉग: पॉलिटिशियन्स, ब्यूरोक्रेट्स एंड द मिलिट्री इन इंडिया* के लेखक हैं।

**अनीता आनंद**
अनीता आनंद एक राजनीतिक पत्रकार हैं, आपने 20 वर्षों तक बीबीसी पर टेलीविजन और रेडियो कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। वर्तमान में आप रेडियो 4 पर 'एनी आंसर्स' प्रस्तुत करती हैं। आप *द पेशेंट असेसिन, सोफिया: द प्रिंसेस, सफ़रगेट, रेवोल्यूशनरी* और विलियम डैलरिम्पल के साथ सह-लेखन में *कोह-इ-नूर: द हिस्ट्री ऑफ द वर्ल्ड्स मोस्ट इनफेमस डायमंड* लिखी।

**एन क्लीव्स**
एन क्लीव्स *वेरा* और *शेटलैंड* श्रृंखला की पुरस्कृत लेखिका हैं| दोनों सीरिज को सफलतापूर्वक टेलीविजन के लिए अपनाया किया गया। आपका हालिया प्रकाशित उपन्यास, *द लॉन्ग कॉल*, एक नए चरित्र, मैथ्यू वेन के बारे में बताता है। इस पुस्तक ने *संडे टाइम्स* और *द न्यूयॉर्क टाइम्स* की बेस्टसेलर सूची में जगह पाई।

**एनिक स्क्रेमे**
एनिक स्क्रेमे एंटवर्प यूनिवर्सिटी के व्यवसाय और अर्थशास्त्र संकाय में एक प्रोफेसर हैं। डॉ. स्क्रेमे एंटवर्प मैनेजमेंट स्कूल में क्रिएटिव इंडस्ट्रीज की शैक्षणिक निदेशक भी हैं। आपके हालिया शोध में सांस्कृतिक शासन और नीति, फैशन में स्थायी व्यापार मॉडल और सांस्कृतिक उद्यमिता शामिल हैं। आप सांस्कृतिक नीति के लिए एक विशेषज्ञ-सलाहकार और यूरोपीय आयोग के लिए एक मूल्यांकनकर्ता हैं। आप फ्लेमिश यूनेस्को आयोग की सदस्य भी हैं। 2013-2017 तक आप नीदरलैंड में कला परिषद की सदस्य और सांस्कृतिक प्रबंधन और सांस्कृतिक नीति शिक्षा और अनुसंधान पर यूरोपीय नेटवर्क की अध्यक्ष थीं।

**एनी फिंच**
एनी फिंच एक कवयित्री, अनुवादक, लिब्रेटिस्ट, संपादक और आलोचक हैं। आपकी कविताओं की किताब में *स्पेल्स: न्यू एंड सिलेक्टेड पोयम्स* और *कैलेंडर्स* शामिल हैं, जिन्हें फॉरवर्ड पोएट्री बुक ऑफ़ द ईयर अवार्ड के लिए चुना गया। आप *द बॉडी ऑफ पोएट्री: एसेज ऑन विमेन, फॉर्म, एंड द पोएटिक सेल्फ* की लेखिका भी हैं।

**एनी जैदी**
एनी जैदी *प्रील्यूड टू ए रायट, गुलाब, लव स्टोरीज # 1 टू 14* और *नोन टर्फ: बैंटरिंग विद द बैंडिट्स एंड अदर ट्रू टेल्स* की लेखिका और *अनबाउंड: 2000 इयर्स ऑफ इंडियन वुमेन राइटिंग* की संपादक हैं। आपको 2019 में अभिनव सोच के लिए नाइन डॉट्स प्राइज और 2018 में आपके नाटक, *अनटाइटल 1* के लिए द हिंदू प्लेराइट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**अनोश ईरानी**
अनोश ईरानी का हालिया प्रकाशित उपन्यास *द पार्सल*, गवर्नर जनरल के साहित्य पुरस्कार, राइटर्स ट्रस्ट फिक्शन पुरस्कार और एथेल विल्सन फिक्शन पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट था। आपकी एंथोलॉजी, *द बॉम्बे प्लेज: द मटका किंग एंड बॉम्बे ब्लैक*, ड्रामा के लिए गवर्नर जनरल के साहित्य पुरस्कार की फाइनलिस्ट थी, यहीं तक आपका सबसे हालिया नाटक, *द मेन इन व्हाइट* भी पहुँचा। आपके नाटक, *बॉम्बे ब्लैक* ने पांच डोरा मावोर मूर पुरस्कार जीते, जिसमें आउटस्टैंडिंग न्यू प्ले भी शामिल था।
**अनुराधा भगवती**
अनुराधा भगवती समीक्षकों द्वारा सराही गई किताब *अनबिकमिंग: ए मेमॉयर ऑफ डिसओबिडेन्स* की पुरस्कृत लेखिका हैं। आप एक कार्यकर्ता, योग और ध्यान गुरु और मरीन कॉर्प्स की वरिष्ठ भी हैं। आपने सर्विस वीमेन'स एक्शन नेटवर्क (स्वान) की स्थापना की, जिसने अमेरिकी सेना में यौन हिंसा पर पूरी दुनिया का ध्यान दिलाया और युद्ध में महिलाओं पर प्रतिबंध को हटाने में मदद की। भगवती राष्ट्रीय सुरक्षा, महिला अधिकारों, नागरिक अधिकारों और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर नियमित मीडिया टिप्पणीकार हैं। आपके लेख *द न्यूयॉर्क टाइम्स, वाशिंगटन पोस्ट, पोलिटिको, फॉरेन अफेयर्स* और *न्यू रिपब्लिक* में छपते हैं।

**आर्थर जपिन**
आर्थर जपिन नीदरलैंड के बेहतरीन और कामयाब लेखकों में से एक हैं। आपके उपन्यास *द बिग वर्ल्ड* के पहले संस्करण में 815,000 प्रतियाँ छपी थीं। आपका काम 20 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हुआ है और आपको कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जपिन अभिनय करते और गाते थे और मंच और स्क्रीन के लिए लिखते भी हैं। आपके ऐतिहासिक उपन्यास *द टू हार्ट्स ऑफ़ क्वासी बोआची* और *इन लुसियाज़ आइज़*, दुनिया भर में बेस्टसेलर रहे हैं।

**अरविंद कृष्ण मेहरोत्रा**
अरविंद कृष्ण मेहरोत्रा का जन्म 1947 में लाहौर में हुआ था। आपने कई वर्षों तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाया और देहरादून में रहे। आओकी हालिया प्रकाशित किताबों में *ट्रांसलेटिंग द इंडियन पास्ट एंड अदर लिटरेरी हिस्टरीज़* नाम से एक निबन्ध ग्रंथ, *ब्लू इज़ लाइक ब्लू*, विनोद कुमार शुक्ल की कहानियाँ (सारा राय के साथ हिंदी से अनूदित) और *सिलेक्टेड पोयम्स एंड ट्रांसलशन्स* इन एनवाईआरबी पोएट्स शामिल हैं।

**अशोक वाजपेयी**
अशोक वाजपेयी हिंदी कवि और आलोचक हैं और भारत में कलाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। आपने कई सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना की, विशेष रूप से भोपाल का बहु-कला परिसर - भारत भवन, वर्धा में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय और द रज़ा फाउंडेशन। हिंदी में प्रकाशित कविता और आलोचना की 30 से अधिक पुस्तकों के साथ, आपने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत और दृश्य कला पर अंग्रेजी में भी लिखा है। आपकी कविताएँ बंगाली, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, गुजराती, मराठी, पोलिश और उर्दू सहित विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित हुई हैं।

**अश्विन सांघी**
अश्विन सांघी भारत के सबसे ज्यादा बिकने वाले अंग्रेजी कथा लेखकों में शुमार हैं। आपने *द रोज़ाबल लाइन, चाणक्याज़ चैंट, द कृष्णा की, द सियालकोट सागा* और *कीपर्स ऑफ द कालचक्र* जैसे बेस्टसेलर्स के साथ-साथ *जेम्स पैटरसन, प्राइवेट इंडिया एंड प्राइवेट दिल्ली* के साथ दो न्यू यॉर्क टाइम्स बेस्टसेलिंग क्राइम थ्रिलर लिखे हैं। आपने लक, वेल्थ, मार्क्स, हेल्थ और पेरेंटिंग पर 13 स्टेप्स सीरीज़ में कई ग़ैरकाल्पनिक शीर्षकों का सह-लेखन भी किया है।

**अस्मा खान**

अस्मा खान ने सपर क्लब्स और एक पॉप-अप चलाने के बाद 2017 में अपना लंदन का रेस्तरां 'दार्जिलिंग एक्सप्रेस' खोला। एक साल बाद, आपने *अस्माज़ इंडियन किचन* प्रकाशित की, जो यूके में गौरमंड वर्ल्ड कुकबुक अवार्ड में भारतीय पाक श्रेणी में विजेता रही। खान नेटफ्लिक्स की एमी-नॉमिनेटेड *शेफ्ज़ टेबल* में दिखने वाली पहली ब्रिटिश शेफ हैं।

**एस्ने सिएर्स्तद**
एस्ने सिएर्स्तद ने 1993 से रूस, चीन, बाल्कन, अफगानिस्तान, इराक और सीरिया में एक संवाददाता के रूप में काम किया है, और आपकी पत्रकारिता के लिए आपको कई पुरस्कार मिले हैं। आपने छह किताबें लिखी हैं। *द बुकसेलर ऑफ काबुल* का अनुवाद 40 से अधिक भाषाओं में किया गया। *वन ऑफ अस,* दक्षिणपंथी आतंकवादी एंडर्स ब्रेविक और नार्वे में उसके नरसंहार के बारे में थी। इसे *द न्यू यॉर्क टाइम्स* द्वारा 2015 की दस सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों में से एक के रूप में चुना गया था और यूरोपीय अंडरस्टैंडिंग 2018 के लिए इसे लीपज़िग बुक अवार्ड से सम्मानित किया गया था। आपकी हालिया प्रकाशित किताब, *टू सिस्टर्स,* नॉर्वे की दो सोमाली बहनों के बारे में है, जो सीरिया में ISIS में शामिल हो गईं। यह नॉर्वे की अब तक कि सबसे ज़्यादा बिकने वाली किताबों में से एक है और नॉर्वे में ब्रेज पुरस्कार से सम्मानित हुई।

**अवनी दोषी**
अवनी दोषी ने न्यूयॉर्क के बर्नार्ड कॉलेज से आर्ट हिस्ट्री में बीए किया और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में हिस्ट्री ऑफ़ आर्ट में एमए किया। भारत में एक कला लेखिका और क्यूरेटर के रूप में काम करते हुए आपने खाली समय में कथा लेखन शुरू किया। आपको टिबोर जोन्स दक्षिण एशिया पुरस्कार और चार्ल्स पिक फैलोशिप से सम्मानित किया गया है। *गर्ल इन वाइट कॉटन* आपका पहला उपन्यास है।

**बी रौलेट**
बी रौलेट एक लेखिका और पत्रकार हैं। आपका पुरस्कृत यात्रा-वृतांत *इन सर्च ऑफ मैरी* 'बायोग्राफी ऑफ द ईयर' चुना गया था। आपने बेस्टसेलर *टॉकिंग अबाउट जेन ऑस्टेन इन बगदाद* का सह-लेखन किया, जिसका नाट्य रूपांतरण बीबीसी द्वारा किया गया था और यह वर्गो के *फिफ्टी शेड्स ऑफ़ फेमिनिज़्म* में से एक है। मैरी वॉलस्टनक्राफ्ट के बारे में आपका नाटक हाल ही में लंदन के वेस्ट एंड में शुरू हुआ। आप अब एक लड़की के बारे में एक उपन्यास लिख रही है, जो चोरी करना बंद नहीं कर पाती।

**बेन जुडाह**
बेन जुडाह की पहली पुस्तक, *फ्रैगाइल एंपायर,* 2013 की फाइनेंशियल टाइम्स समर बुक थी। *दिस इज़ लंडन* को बैली गिफोर्ड पुरस्कार के लिए लांगलिस्ट किया गया था और वर्तमान में साहित्यिक रिपोर्ताज के लिए रिसजर्ड कापूस्कीस्की पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट है। आपके लेख *द संडे टाइम्स, द न्यूयॉर्क टाइम्स, अटलांटिक, फाइनेंशियल टाइम्स* इत्यादि के साथ महत्वपूर्ण प्रकाशनों में छपते रहते हैं।

**बेन स्कॉट**
बेन स्कॉट *जीव्स एंड द किंग ऑफ क्लब्स* के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेस्टसेलिंग लेखक हैं, जो स्कॉट्स *ओरिजिनल मिसलनी* सीरीज, *स्कॉट्स ऑलमनैक* और *शैडनफ्रुएडे* पीजी वोडहाउस के लिए एक प्रशंसित श्रद्धांजलि है। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से स्नातक रहे स्कॉट ने समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में बड़ी संख्या में लिखा है।

**बेंजामिन डिक्स**

बेंजामिन डिक्स सोएस, लंदन यूनिवर्सिटी में एक सीनियर फेलो हैं। आप 2004 से 2008 तक पूरे विवाद में संयुक्त राष्ट्र के साथ उत्तरी श्रीलंका में तमिल टाइगर-नियंत्रित वन्नी में थे। डिक्स पॉजिटिव नैगेटिव्स के संस्थापक निदेशक हैं, जो व्यक्तिगत बयानों को कला, शिक्षा और वकालत की सामग्री में ढालकर जटिल सामाजिक और मानवाधिकारों की पड़ताल करने वाली साहित्यिक कॉमिक्स बनाते हैं। *वन्नी: ए फैमिलीज़ स्ट्रगल थ्रू द श्रीलंकन कनफ्लिक्ट* उनका पहला ग्राफिक उपन्यास है, जो श्रीलंकाई संघर्ष से जूझने वाले लोगों के बयानों को क्रमिक कला के रूप में बदलता है।

**बेंजामिन मोजर**

बेंजामिन मोजर वाय दिस वर्ल्ड: ए बायोग्राफी ऑफ क्लेरिस लिस्पेक्टर के लेखक हैं, जो नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल अवार्ड के लिए एक फाइनलिस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स की नोटेबल बुक ऑफ 2009 रही है। आप न्यू डायरेक्शन में क्लेरीस लिस्पेक्टर के सम्पूर्ण रचनाकर्म के अनुवाद के कार्यक्रम का निर्देशन करते हैं। अनुवाद को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाने के काम के लिए, आपको कल्चरल डिप्लोमेसी ब्राजील का पहला राज्य पुरस्कार मिला। *हार्पर* पत्रिका और *द न्यूयॉर्क टाइम्स* बुक रिव्यू के लिए स्तंभकार रहे बेंजामिन ने *द न्यू यॉर्कर, कोनडे नास्ट ट्रैवलर* और *द न्यू यॉर्क रिव्यू ऑफ बुक्स* के लिए भी लिखा है।  उनका हालिया प्रकाशित जीवनी है *सोंटैग: हर लाइफ एंड वर्क*।

**बेटनी हग्स**

बेटनी हग्स एक पुरस्कार विजेता इतिहासकार, लेखिका और प्रसारक हैं। आपकी पिछली किताबें, *इस्तांबुल: ए टेल ऑफ थ्री सिटीज, हेलेन ऑफ ट्रॉय: गॉडेस, प्रिंसेस, होर* और *द हेमलॉक कप: सोक्रेट्स, एथेंस एंड द सर्च फॉर द गुड लाइफ* ने अपार प्रशंसा और दुनिया भर में सफलता प्राप्त की। हगस किंग्स कॉलेज लंदन की एक रिसर्च फेलो, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर कंटिन्यूइंग एजुकेशन की ट्यूटर और न्यू कॉलेज ऑफ द ह्यूमेनिटीज में इतिहास की विजिटिंग प्रोफेसर हैं। आप इतिहास के लिए प्रतिष्ठित नॉर्टन मेडलीकॉट मेडल समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित हैं। आपने इतिहास, संस्कृति और दर्शन पर कई डाक्यूमेंट्री बनाई हैं, जिनमें *बाइज़ैन्टियम अनर्थड* और बीबीसी रेडियो 4 *एनशिन्ट वेज़* की एक श्रृंखला शामिल है।

**ब्रायन ए.कैटलोस**

ब्रायन ए.कैटलोस मध्ययुगीन यूरोप और इस्लामी विश्व में मुस्लिम-ईसाई-यहूदी संबंधों और पूर्व-आधुनिक भूमध्यसागरीय इतिहास पर काम करते हैं। यात्रावृतांत के अलावा, आपने चार विद्वतापूर्ण किताबें लिखी हैं, इनमें हालिया प्रकाशित है, *किंगडम ऑफ फेथ: ए न्यू हिस्ट्री ऑफ इस्लामिक स्पेन*| इसके अलावा आपने कई प्रतिष्ठित फैलोशिप और पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

**ब्रूनो माकेज़**

ब्रूनो माकेज़ 2013 से 2015 तक पुर्तगाल में यूरोपीय मामलों के मंत्री थे। वह वाशिंगटन में हडसन इंस्टीट्यूट और बीजिंग में रेनमिन यूनिवर्सिटी में सीनियर फेलो हैं, और दो हालिया किताबों *द डॉन ऑफ़ यूरेशिया* और *बेल्ट एंड रोड* के लेखक हैं। *द  डॉन ऑफ यूरेशिया* को *फाइनेंशियल टाइम्स* और *फॉरेन अफेयर्स* द्वारा बुक ऑफ द ईयर के रूप में चुना गया था। *बेल्ट एंड रोड* भारत में 2019 में प्रकाशित हुई थी।

**चरण सिंह पथिक**

चरण सिंह पथिक राजस्थान के एक प्रखर और प्रशंसित कहानीकार हैं, जो जमीनी स्तर की राजनीति और ग्रामीण जीवन की सामाजिक-आर्थिक संरचना की बहुत गहरी समझ रखते हैं। वह एक सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं और ग्राम पंचायत गतिविधियों से नज़दीकी से जुड़े हुए हैं। चार से अधिक लघु-कथा संग्रहों के साथ, वह उत्पीड़ितों और गरीबों के लिए अपने निडर प्रामाणिक लेखन के लिए जाने जाते हैं। उनकी दो कहानियों पर हिंदी फीचर फिल्में बनाई गई हैं, 'दो बहनें' पर आधारित विशाल भारद्वाज की *पटाखा* और गजेंद्र एस. श्रोत्रिय की *कसाई*।

**चित्रा मुद्गल**
चित्रा मुद्गल अपने उपन्यास *आवां* के लिए व्यास सम्मान हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला हैं| इस उपन्यास को हिंदी की महान साहित्यिक कृतियों में दर्ज किया गया है| *आवां* दत्ता सामंत के समय के ट्रेड यूनियन आंदोलन पर आधारित है| मुद्गल का लेखन वैविध्य से भरा है, उसमें लघु कथाएं, उपन्यास, बच्चों की किताबें, नाटक, निबन्ध और अनुवाद शामिल हैं| आपकी हालिया प्रकाशित किताबों में *लोकप्रिय कहानियां* और *चुनी हुई कहानियां* और एक उपन्यास, *पोस्ट बॉक्स नं. 203, नालासोपारा* शामिल है|

**क्रिस एगी**
क्रिस एगी एक कवि, निबंधकार, संपादक और फोटोग्राफर हैं और आयरलैंड में रहते हैं। 2007 से, आपने आयरलैंड की प्रमुख साहित्यिक पत्रिका *आयरिश पेज : ए जर्नल ऑफ कंटेम्परेरी राइटिंग* के पूर्णकालिक संपादक के रूप में काम किया, जिसे आपने 2002 में स्थापित किया था| साथ ही आप *द आयरिश टाइम्स* के एक समीक्षक भी रहे हैं। 2013 और 2015 के बीच, आप ग्लासगो यूनिवर्सिटी, ग्लासगो में कीथ राइट लिटररी फैलो थे, जहां आप स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज में विजिटिंग स्कॉलर के रूप में रहे। आपने हाल ही में फिल्म निर्माता जॉनी गोगन के साथ आयरिश निबंधकार ह्यूबर्ट बटलर के बारे में एक डॉक्यूमेंट्री में काम किया, जिसका शीर्षक *विटनेस टू द फ्यूचर* था और इसे फरवरी 2016 में डबलिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दर्शाया गया था। आपने बटलर के *बाल्कन एसेज* के छठे खंड को संपादित भी किया है।

**क्रिस्टीना लैंब**
क्रिस्टीना लैंब ब्रिटेन के प्रमुख संवाददाताओं और बेस्टसेलिंग लेखकों में से एक हैं। अचानक मिले एक शादी के निमंत्रण से जब वे पेशावर में मात्र 21 साल की उम्र में गईं, तब से आपने अफगानिस्तान से जिम्बाब्वे तक दुनिया के अधिकांश हॉटस्पॉट्स की रिपोर्ट की है। आपने कई पुरस्कार जीते हैं, जिसमें पांच बार सालाना विदेशी संवाददाता बनना भी शामिल है और आपको 2013 में क्वीन द्वारा ओबीई बनाया गया था। वर्तमान में *द संडे टाइम्स* की मुख्य विदेशी संवाददाता क्रिस्टीना ने नौ पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें बेस्टसेलिंग *आई एम मलाला* भी शामिल है। आपकी नई किताब *आवर बॉडीज, देयर बैटलफील्ड्स* मार्च में प्रकाशित होगी।

**डेमियन बर्र**
डेमियन बर्र का पहला उपन्यास, *यू विल बी सेफ हियर*, दक्षिण अफ्रीका में एक छिपे हुए औपनिवेशिक इतिहास को उजागर करता है और वर्तमान अंधकार से जूझता है। यह बीबीसी रेडियो 4 की बेडटाइम बुक थी। आपके संस्मरण, *मैगी एंड मी* ने *संडे टाइम्स* संस्मरण ऑफ द ईयर जीता। बर्र द सेवॉय में अपने लिटरेरी सैलून और बीबीसी के लिए 'बिग स्कॉटिश बुक क्लब' की मेजबानी करते हैं।

**डेविड गॉडविन**
डेविड गॉडविन ने 25 साल पहले अपनी पत्नी हीथर के साथ अपनी साहित्यिक एजेंसी डीजीए की स्थापना की थी। इससे पहले आप राउटलेज के साथ एक प्रकाशक थे, फिर हेनीमैन, फिर सेकर्स और अंत में जोनाथन केप के साथ जुड़ गए। केप में, आपने बुकर पुरस्कार जीतने वाले पहले अफ्रीकी बेन ओकरी को प्रकाशित किया। डीजीए में आपने कई लेखकों को लिया है, जिनमें कवि लॉरेट साइमन आर्मिटेज भी शामिल हैं। भारतीय लेखकों में उनकी विशेष रुचि है। आपकी पहली भारतीय पुस्तक अरुंधति रॉय की *गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स* थी, जिसने 1997 में बुकर पुरस्कार जीता था। तबसे, आपने किरण देसाई और अरविंद अडिगा को स्वीकार किया है। अब आप विलियम डेलरिम्पल, जीत थाईल, मनु एस.पिल्लई, नीलांजना एस.रॉय, डेविड डेविडर, मीना कंडासामी, यशस्विनी चंद्रा, आंचल मल्होत्रा, शशि थरूर, कनिष्क थरूर, अरुंधति काटजू, मेनका गुरुस्वामी, रुचिर जोशी, राजकमल झा, शेहान करुणातिलक, अमिताव कुमार, विक्रम सेठ, प्रीति तनेजा, सलिल त्रिपाठी, मोनिशा राजेश और क्रिस्टीना लैंब का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**डेविड मैकविलियम्स**
डेविड मैकविलियम्स लेखक, अर्थशास्त्री, पत्रकार, डॉक्यूमेंट्री निर्माता और प्रसारक हैं। आप ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में ग्लोबल इकोनॉमिक्स के सहायक प्रोफेसर हैं। आपने पांच बेस्टसेलर प्रकाशित किए हैं और अर्थशास्त्र को व्यापक रूप से उपलब्ध कराने और हर सम्भव रूप में आसानी से समझने लायक बनाने के लिए अपना पूरा पेशेवर जीवन समर्पित किया है। आपके पॉडकास्ट के 1,000,000 से अधिक डाउनलोड हुए हैं। @Davidmcw पर ट्वीट करते हुए, उन्हें आयरलैंड का सबसे प्रभावशाली ट्विटर यूजर माना गया है।

**दीपा अग्रवाल**
दीपा अग्रवाल लेखिका, कवि और अनुवादक हैं, जो बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए लिखती हैं। आपकी 50 से अधिक प्रकाशित पुस्तकें हैं, जो अन्य सम्मानों के साथ, बाल साहित्य के लिए NCERT के राष्ट्रीय पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं। आपकी हालिया किताबें *द बेगम, ब्लेस्ड, फ्रेंडशिप स्टोरीज* और *जर्नी टू द फोर्बिडन सिटी* हैं।

**देवकी जैन**
देवकी जैन एक अर्थशास्त्री और 15 से अधिक किताबों की लेखिका हैं। पद्म भूषण से सम्मानित देवकी दिल्ली विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की व्याख्याता थीं और 2016 में कॉलेज के ऑनरेरी फेलो के रूप में चुनी गईं। आप हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, बोस्टन यूनिवर्सिटी, सूजेक्स यूनिवर्सिटी, SIAS और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में फेलो रही हैं। आपके पास दक्षिण अफ्रीका के वेस्टविले यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि है। आप डॉ. जूलियस न्येरेरे की अध्यक्षता के दक्षिण आयोग की पूर्व सदस्य थीं। आपने 200 से अधिक लेख भी लिखे हैं, जिनमें से कुछ को हाल ही में दो संस्करणों में *जर्नी ऑफ अ साउथर्न फेमिनिस्ट* और *क्लोज एनकाउंटर्स ऑफ अनदर काइंड* नाम से प्रकाशित किया गया है।

**देवांगना दास**
देवांगना दास *द जंगल रेडियो: बर्ड सॉन्ग्स ऑफ इंडिया* की लेखिका और चित्रकार हैं। नई दिल्ली में एक पुस्तक निर्माता देवांगना जब जीविका के लिए किताबें डिजाइन नहीं कर रही होती हैं, तो वह चित्र बनाती हैं और अपनी ड्रीम लाइब्रेरी के लिए किताबें इकट्ठी करती हैं। समाजशास्त्र और दृश्य संचार डिजाइन में स्नातक, दास के बुक कवर डिजाइनों को फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स अवार्ड्स फॉर एक्सीलेंस इन बुक प्रोडक्शन, पब्लिशिंग नेक्स्ट इंडस्ट्री अवार्ड्स और दो बार ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर पुरस्कार द्वारा पहचाना गया है।

**देवेंद्र टाक**
देवेंद्र टाक एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बाल अधिकार एजेंसी सेव द चिल्ड्रन के लिए मीडिया और कम्युनिकेशन के प्रमुख हैं। इससे पहले *इंडिपेंडेंट, बिजनेस इंडिया* और *इंडियन एक्सप्रेस ऑनलाइन* के साथ एक पत्रकार रहे टाक को संघर्ष और आपदा की स्थितियों से रिपोर्टिंग करने का व्यापक अनुभव है। साथ ही आप राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भूमिकाओं में वैश्विक एजेंसियों के साथ काम करने वाले एक उत्साही मानवीय अभिनेता हैं। वह मानवीय संकट झेल रहे बच्चों पर रिपोर्टिंग करने में माहिर हैं। एक शौकीन लेखक टाक को किताब लिखने के लायक कुछ भी नहीं मिला... जब तक कि वह अपने काम में चित्रित बच्चों से नहीं मिले।

**डेक्सटर फिल्किंस**
डेक्सटर फिल्किंस एक अनुभवी पत्रकार हैं, जो *द न्यू यॉर्कर* के लिए काम करते हैं। आप *द न्यू यॉर्क टाइम्स* के लिए एक विदेशी संवाददाता थे और 2009 में, टाइम्स संवाददाताओं की उस टीम का हिस्सा थे, जिसने अफगानिस्तान और पाकिस्तान को कवर करने के लिए पुलित्जर पुरस्कार जीता था। आपने *लॉस एंजिल्स टाइम्स* के लिए नई दिल्ली ब्यूरो के प्रमुख के रूप में और *द मियामी हेराल्ड* के लिए भी काम किया। फिल्किंस को जॉर्ज पोल्क पुरस्कार

और दो ओवरसीज प्रेस क्लब पुरस्कार मिले हैं। आप हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में कार सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स पॉलिसी के फेलो थे।

**दिलीप हीरो**
दिलीप हीरो ब्रिटिश शासित भारत में पैदा हुए एक लेखक, पत्रकार और नाटककार हैं। आपकी 32 यथार्थवादी पुस्तकें अपने भीतर दक्षिण एशिया, मध्य पूर्व और अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनीति को समेटे हुए हैं। मंच के लिए आपकी पटकथाओं में *टेल ऑफ द ताज* शामिल है। आपने बीबीसी और चैनल 4 के लिए नाटक लिखा है, और साथ ही आपने पहली ब्रिटिश-एशियाई फिल्म *ए प्राइवेट एंटरप्राइज* की पटकथा का सहलेखन किया है।

**एलेन कैनिंग**
एलेन कैनिंग एक लेखिका और वेनेसा यूनिवर्सिटी के डायलन थॉमस पुरस्कार की कार्यकारी अधिकारी हैं। आप एक किताब और स्पेनिश गोल्डन-एज ड्रामा पर कई लेखों की लेखिका हैं। कैनिंग वर्तमान में अपने पहले लघु कथा संग्रह और एक उपन्यास पर काम कर रही हैं और हाल ही में आपने क्रिएटिव राइटिंग में एमए पूरा किया है।

**एलिजाबेथ गिल्बर्ट**
एलिजाबेथ गिल्बर्ट *ईट प्रेय लव* की लेखिका हैं| ये किताब नम्बर 1 बेस्टसेलर है, जिसकी दुनिया भर में 15 मिलियन से अधिक प्रतियां बिकी हैं और 46 से अधिक भाषाओं में इसका अनुवाद किया गया है, और आपने और भी कई अन्य फिक्शन और नॉन-फिक्शन की अंतरराष्ट्रीय बेस्टसेलिंग किताबें लिखी हैं। उनका कहानी संग्रह *पिलग्रिम्स* PEN/हेमिंग्वे पुरस्कार के लिए एक फाइनलिस्ट था, जबकि *द लास्ट अमेरिकन मैन* नेशनल बुक अवार्ड और नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्कल अवार्ड दोनों के लिए फाइनलिस्ट थी। आपका अगला संस्मरण *ईट प्रे लव*, कमिटेड *न्यूयॉर्क टाइम्स* का बेस्टसेलर बन गया। आपने दो उपन्यास, *स्टर्न मेन* और *द सिग्नेचर ऑफ ऑल थिंग्स* प्रकाशित किए हैं, जिन्हें बेलीज़ वीमेन प्राइज़ फ़िक्शन के लिए लॉगलिस्ट वेलकम बुक पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था।

**फिंटन ओ'टूल**
फिंटन ओ'टूल *आयरिश टाइम्स* के स्तंभकार और नाटक समीक्षक हैं| आपने सात किताबें लिखी हैं, जिसमें *ए ट्रेटर'स किस* भी है| आपका काम कई अमेरिकी पत्रिकाओं में छपता रहता है|

**फॉरेस्ट गैंडर**
फॉरेस्ट गैंडर भूविज्ञान और साहित्य की डिग्री के साथ एक लेखक और अनुवादक हैं| आप ब्राउन यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर एमेरिटस हैं। आपकी हालिया प्रकाशित पुस्तकों में 2019 की पुलित्जर पुरस्कार विजेता *बी विद* और *द ट्रेस* नामक उपन्यास शामिल हैं। गैंडर के अनुवादों में गोज़ो योशिमासुज़ का *एलिस आइरिस रेड हॉर्स* और *देन कम बैक: द लॉस्ट नेरुदा पोएम्स* शामिल हैं।

**फ्रांसेस मिराल्स**
फ्रांसेस मिराल्स पुरस्कृत लेखक हैं| जिन्दगी पर लिखी गई उनकी किताबें दुनियाभर में बिकती हैं| आपके लिखे उपन्यास हैं *लव इन स्माल लेटर्स और वाबी-साबी*|

**फ्रैंक डीकोटर**
फ्रैंक डीकोटर ने आधुनिक चीन पर दर्जन भर किताबें लिखी हैं, जिनमें वर्ष 2011 का सेम्युअल जॉनसन प्राइज जीतने वाली, *माओ'स ग्रेट फेमिन* भी शामिल है| आपकी हालिया प्रकाशित किताब है *हाउ टू बी ए डिक्टेटर: द कल्ट ऑफ़ पर्सनेलटी इन द ट्वंटीएथ सेंचुरी*|

**गिडोन हाई**
गिडोन हाई ने सौ से अधिक अखबारों और पत्रिकाओं में योगदान दिया है, और क्रिकेट, व्यापार, सामाजिक मामलों और वास्तविक अपराध के बारे में 35 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। आपकी हालिया प्रकाशित पुस्तक *दिस इज़ हाउ आई विल स्ट्रेंगल यू* अनाचार का एक अध्ययन है।

**गिलेर्मो रॉड्रिग्ज**
गिलेर्मो रॉड्रिग्ज, स्पेन के एक अग्रणी सांस्कृतिक केंद्र, कासा डी ला इंडिया के संस्थापक निदेशक हैं, जो विदेशों में भारत की सांस्कृतिक कूटनीति का मॉडल बन गया है। जुनूनी यात्री गिलेर्मो 1990 के पूरे दशक में दक्षिण भारत में रहे। वे *व्हेन मिरर्स आर विंडोज: ए व्यू ऑफ ए के रामानुजन'स पोएटिक्स* के लेखक हैं।

**गाए गुनारात्ने**
गाए गुनारात्ने को अपने पहले उपन्यास, *इन अवर मैड एंड फ्यूरियस सिटी* के लिए अंतर्राष्ट्रीय डिलन थॉमस प्राइज, झलक प्राइज और वर्ष 2019 के क्लब बेस्ट फर्स्ट नॉवेल अवार्ड से सम्मानित किया गया था| मैन बुकर प्राइज और ओरवेल प्राइज के लिए भी इसे लॉन्गलिस्ट किया गया था और गोल्डस्मिथ प्राइज में ये शोर्टलिस्ट हुआ था|

**हेली रुबेनहोल्ड**
हेली रुबेनहोल्ड कामयाब लेखिका, सामाजिक इतिहासकार, ब्रोडकास्टर और टीवी व फिल्मों की ऐतिहासिक सलाहकार हैं| आपकी हालिया प्रकाशित किताब, *द फाइव* को बैली गिफर्ड प्राइज के लिए लॉन्गलिस्ट और राइटर'स एसोसिएशन गोल्ड डैगर के लिए शोर्टलिस्ट किया गया| ये जैक द रिपर के पांच पीड़ितों की पहली जीवनी है, जिसमें कातिलों के बजाय महिला के पक्ष से वर्णन किया गया है|

**हंसाजी योगेन्द्र**
हंसाजी योगेन्द्र द योगा इंस्टीट्यूट, मुंबई की निदेशक हैं, ये दुनिया का सबसे प्राचीन योग सेंटर हैं| आप योग सर्टिफिकेशन कमिटी की अध्यक्ष भी हैं| फर्स्ट लेडी ऑफ़ योगा के नाम से जानी जाने वाली, डॉ. योगेन्द्र वो इकलौती महिला योग गुरु थीं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने, पहले इंटरनेशनल योग दिवस पर, नई दिल्ली में आमंत्रित किया था| डॉ. योगेन्द्र के मार्गदर्शन में, अनेकों कल्याणकारी काम करने की वजह से आपके योग इंस्टीट्यूट को प्रधानमंत्री के हाथों सम्मानित भी किया गया| योग के क्षेत्र में अपने बहुमूल्य योगदान हेतू, डॉ. योगेन्द्र को वर्ष 2019 में भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया था|

**हंसदा सोवेंद्र**
हंसदा सोवेंद्र शेखर *माय फादर'स गार्डन* के लेखक हैं| आपकी ये किताब वर्ष 2019 जेसीबी प्राइज के लिए शोर्टलिस्ट हुई थी| आपकी अन्य किताबें हैं, *द मिस्टीरियस एल्मेंट ऑफ़ रूपीबसकी, द आदिवासी विल नॉट डांस, ज्वाला कुमारंद द गिफ्ट ऑफ़ फायर: एडवेंचर इन चम्पकबाग़, हू'स देयर?* और *सूमीबुधि एंड सुगी*|

**हरीश भट**
हरीश भट एक लेखक, स्तंभकार और मार्केटियर हैं| आप टाटा ग्रुप के साथ काम करते हैं| आपकी पहली कामयाब किताब, *टाटा लोग* ने टाटा के आधुनिक इतिहास को बताते हुए पाठकों का मन मोह लिया| आपकी दूसरी किताब, *द क्यूरियस मार्केटियर*, मार्केटिंग से जुड़े जटिल मसलों को उठाती है| आपकी हालिया प्रकाशित किताब, आपका

पहला उपन्यास हैं, *एन एक्सट्रीम लव ऑफ़ कॉफ़ी*| भट टाटा संस के ब्रांड कसटोडीयन हैं और टाटा की भिन्न कम्पनियों के निदेशक हैं|

**हर्ष वी. दहेजिया**

हर्ष वी. दहेजिया ने मुंबई यूनिवर्सिटी से मेडिसिन और प्राचीन भारतीय संस्कृति में डबल डॉक्टरेट किया है| आप लंदन और कैनेडा के रॉयल कॉलेज ऑफ़ फिजिशियन के मेम्बर हैं| आप कैनेडा की यूनिवर्सिटी में चिकित्सक का अभ्यास करते हैं और पढ़ाते भी हैं| आपने 30 से अधिक किताबें, डॉक्यूमेंट्री फिल्म और एक्सिबिशन क्युरेट की हैं|

**हिंडोल सेनगुप्ता**

हिंडोल सेनगुप्ता नौ किताबों के पुरस्कृत लेखक और इतिहासकार हैं| आप वर्ल्ड फोरम यंग ग्लोबल लीडर हैं और *फार्च्यून* मैगज़ीन के भारतीय संस्करण, *ब्लूमबर्ग टीवी इंडिया, सीएनबीसी* और *सीएनएन* के वरिष्ठ पत्रकार हैं| आप अमेरिका की काउंसिल द्वारा दिए जाने वाले अवार्ड विल्बर अवार्ड को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं| भारत में, आप वैली ऑफ़ वर्ड्स अवार्ड और PSF प्राइज जीत चुके हैं|

**होवार्ड जैकबसन**

होवार्ड जैकबसन ने 16 उपन्यास और छह कथेतर लिखे हैं| वर्ष 2000 में आपको *द माइटी वाल्ज़ेर* के लिए कॉमिक लेखन का मशूहर पुरस्कार बोलिंगर एव्रीमैन वोडहाउस प्राइज प्रदान किया गयाम और फिर 2013 में *ज़ू टाइम* के लिए भी| वर्ष 2010 में आपने *द फिन्क्लेर क्वेश्चन* के लिए मैन बुकर प्राइज जीता और फिर 2014 में आपको दोबारा से इसके लिए शोर्टलिस्ट किया गया| आपके हालिया प्रकाशित उपन्यास, *लिव ए लिटिल*, को *गार्जियन* ने 'बेहतरीन' कहा और *द संडे टाइम्स* ने 'ख़ुशी भरा'|

**इआन किंग**

इआन किंग लंदन की यूनिवर्सिटी ऑफ़ आर्ट्स में प्रोफेसर हैं| आप चीन, बेल्जियम, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी में भी विजिटिंग प्रोफेसर हैं| सौन्दर्य शास्त्र और फैशन पर लिखे आपके लेख अक्सर किताबों और जर्नल में छापते रहते हैं| आपकी हालिया प्रकाशित किताबें हैं, *द एस्थेटिक्स ऑफ़ ड्रेस* और *कल्चरल गवर्नेंस इन ए ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट: एन इंटरनेशनल पर्सपेक्टिव ऑन आर्ट्स ऑर्गनाइजेशंस*| आप इंटरनेशनल फैशन कोलोकुइअ सीरिज भी आयोजित कराते हैं, जिसकी अगली कड़ी जनवरी 2020 में जयपुर में होने जा रही है|

**जसप्रीत बिंद्रा**

जसप्रीत बिंद्रा एडवाइजरी फर्म डिजिटल मैटर्स के संस्थापक हैं| आप सिंगुलारिटी यूनिवर्सिटी इन इंडिया के भी पार्टनर हैं, और प्रमुख वक्ता, लेखक होने के साथ इस विषय को पढ़ाते भी हैं| *मिंट* और SAP ने बिंद्रा को वर्ष 2017 के डिजिटलिस्ट के रूप में चुना| डिजिटल ट्रांसफार्मेशन और टेक्नोलॉजी पर लिखी हुई उनकी पहली किताब है, *द टेक व्हिस्परर*|

**जीन हेन्फ़कोरेलिट्ज़**

जीन हेन्फ़कोरेलिट्ज़ की सात किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें से *एडमिशन* पर वर्ष 2013 में एक फिल्म बनी थी| इस फिल्म में टीना फे और पॉल रुड ने अभिनय किया था| आपकी किताब *यू शुड हैव नोन*, HBO पर *द अनडूइंग* के रूप में आ रही है, और *द डेविल एंड वेबस्टर* पर फिल्म *द लेटकमर* आने वाली है|

**जीत थाइल**

जीत थाइल पिछले 23 सालों से बॉम्बे, बंगलौर, हांगकांग और न्यू यॉर्क में पत्रकारिता कर रहे हैं| वर्ष 2006 में आपने फिक्शन लिखना शुरू किया| आपके पहले उपन्यास, *नार्कोपोलिस* को डीएससी प्राइज से सम्मानित किया गया और मैन बुकर प्राइज के लिए शोर्टलिस्ट हुआ| आपके पांच काव्य संग्रहों में *दीज एरर्स आर करेक्ट*, भी शामिल है, जिसे साहित्य अकादमी अवार्ड मिला था| आपका हालिया प्रकाशित उपन्यास है, *द बुक ऑफ़ चॉकलेट सेंटस*|

**यो लिंडल**
यो लिंडल एक लेखक और प्रकाशक हैं| सांस्कृतिक विज्ञान और साहित्य की शिक्षा लेने के बाद, आप जर्मन लिटरेचर इंस्टीट्यूट से जुड़े, *एडिट* नाम की पत्रिका का संपादन किया और बहुत सी यूनिवर्सिटी में पढ़ाने भी जाते हैं| आपने वर्ष 1997 में डूमोंट पब्लिशिंग हाउस में जर्मन साहित्य का संपादन शुरू किया और वर्ष 2010 में प्रकाशक बने| वर्ष 2014 से, लिंडल हेन्सेर पब्लिशिंग ग्रुप में प्रकाशक हैं| आपकी साहित्य कार्यों में चार उपन्यास, एक कहानी संग्रह, अनुवाद और बच्चों के लिए लिखी हुई किताब शामिल है| सीगल प्रेस ने वर्ष 2019 में आपकी किताब का अंग्रेजी संस्करण, *आल द लैंड* नाम से प्रकाशित किया|

**जॉन इलियट**
जॉन इलियट एक विदेशी संवाददाता और लेखक हैं, जो पिछले 25 सालों से, मई 2018 तक दिल्ली में रह रहे थे| आपकी किताब *इम्प्लोज़न: इंडिया ट्रायस्ट विथ रियल्टी* में प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के पहले पांच वर्षों की समीक्षा की गई है| अब लन्दन में रहते हुए, आप ‘राइडिंग द एलिफेंट’ नाम के अपने ब्लॉग में दक्षिण एशिया के वर्तमान हालात पर लिखते हैं| आप कॉमनवेल्थ की *राउंड टेबल* मैगज़ीन के संपादकीय बोर्ड में भी शामिल हैं|

**जॉन लंचेस्टर**
जॉन लंचेस्टर के पांच उपन्यासों और चार कथेतर ने अनेकों पुरस्कार प्राप्त किये और उनका 30 से अधिक भाषाओँ में अनुवाद हो चुका है| आप द न्यू योर्कर और लंदन रिव्यू ऑफ़ बुक्स में नियमित रूप से लिखते हैं|

**जोनाथन फिलिप्स**

जोनाथन फिलिप्स लंदन यूनिवर्सिटी में इतिहास के प्रोफेसर हैं| आपने अनेकों किताबें लिखी हैं, जिनमें शामिल हैं: *द फोर्थ क्रूसेड एंड द सैक ऑफ़ कांस्टेंटिनोपल, होली वारियर्स: ए मॉडर्न हिस्ट्री ऑफ़ द क्रूसेड* और आपकी हालिया प्रकाशित किताब है, *द लाइफ एंड लिजेंड ऑफ़ द सुल्तान सलादीन*| आपके काम का अनेकों भाषाओँ में अनुवाद हुआ है| फिलिप्स बहुत से टीवी और रेडियो प्रोग्राम भी प्रेजेंट करते हैं, जिनमें *द क्रॉस एंड द क्रिसेंट* और *द रोड फ्रॉम क्राइस्ट टू कांस्टेंटिनोपल* शामिल हैं|

**जुंग चैंग**
जुंग चैंग की किताबें हैं *वाइल्ड स्वांस: थ्री डॉटर्स ऑफ़ चाइना, माओ: द अननोन स्टोरी* (जॉन हैलीडे के साथ) और *एम्प्रेस डोवेगर सिक्सी: द कॉनक्युबिन हू लॉन्च मॉडर्न चाइना*| आपकी किताबों का 40 से अधिक भाषाओँ में अनुवाद हो चुका है और दुनिया भर में उनके 15 मिलियन से अधिक प्रतियां बिक चुकी हैं| आपको यूके राइटर’स गिल्ड बेस्ट के सहित अनेकों सम्मान से नवाजा गया है| आप लंदन की सोएस यूनिवर्सिटी की माननीय फेलो हैं|

**केआर मीरा**
केआर मीरा एक लेखिका और केंद्र व केरल साहित्य अकादेमी अवार्ड की विजेता हैं| आपके उपन्यास आराचार की 150,000 से अधिक प्रतियां बिक चुकी हैं और उसके अनुवाद, हैंगवुमन को डीएससी प्राइज के लिए शोर्टलिस्ट किया गया था| आपकी अन्य किताबों में *द पाइजन ऑफ़ लव, द गॉस्पेल ऑफ़ युदास, द अन्सींग आइडल ऑफ़ लाइट, येलो इज द कलर ऑफ़ लोंगिंग* और *द एंजल’स ब्यूटी स्पॉट्स*|

**कैथरीन एबन**

कैथरीन एबन एक खोजी पत्रकार, *फोर्चून* मैगजीन की कंट्रीब्यूटर और एंड्रयू कारनेज फेलो हैं| दवाई उद्योग के छल, बंदूकों के व्यापार और सीआईए के बलपूर्वक पूछताछ के तरीकों पर लिखे उनके लेख अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में खासे लोकप्रिय हुए और उनकों अनेकों अवार्ड भी मिले| आपको पहली किताब, *डेंजरस डोसेस: ए ट्रू स्टोरी ऑफ़ कॉप्स, काउंटरफिएटर एंड द कन्टेमिनेशन ऑफ़ अमेरिका'स ड्रग सप्लाई*, को किर्कुस रिव्यू ने वर्ष 2005 की सर्वश्रेष्ठ किताब माना और दूसरे समीक्षकों ने भी उसे बहुत सराहा| आपकी दूसरी किताब *बोटल ऑफ़ लाइस: द इनसाइड स्टोरी ऑफ़ द जेनरिक ड्रग बूम* न्यू यॉर्क टाइम्स बेस्टसेलर बनी| भारत में ये *बोटल ऑफ़ लाइस: रेनबेक्सी एंड द डार्क साइड ऑफ़ इंडियन फार्मा* के नाम से प्रकाशित हुई| एक दशक की शोध पर आधारित ये किताब अंदर के घोटालों को सामने लाती है|

**केटी हिकमैन**

केटी हिकमैन एक उपन्यासकार और इतिहासकार हैं, आपने नौ किताबें लिखी हैं, जिनमें आपकी कामयाब किताबें *डॉटर्स ऑफ़ ब्रिटेनिया* और *कर्टिसंस* शामिल हैं| ऐतिहासिक उपन्यासों की आपकी त्रयी, *द अविअरी गेट, द पिंडर डायमंड* और *द हाउस एट बिशपगेट* का 19 भाषाओँ में अनुवाद हो चुका है| आपकी हालिया किताब, *शी-मर्चेंट्स, बक्नीर्स एंड जेंटलवीमेन: ब्रिटिश वीमेन इन इंडिया 1600-1900* भारत और यहां के इतिहास में उनकी दिलचस्पी दिखाती हैं|

**कावेरी बमजई**

कावेरी बमजई एक स्वतंत्र पत्रकार हैं| आप *इंडिया टुडे* की पहली और अब तक की इकलौती महिला संपादक रही हैं| आपने शेवनिंग स्कोलरशिप प्राप्त की| आपने *टाइम्स ऑफ़ इंडिया* और *इंडियन एक्सप्रेस* में काम भी किया| आपकी प्रकाशित किताबों में *बॉलीवुड टुडे, नो रेग्रेट्स* और भारतीय फिल्मों में महिलाओं की भूमिका पर दो मोनोग्राफ शामिल हैं| आप बहुत सी कमेटियों की अध्यक्ष हैं, जिनमें सीआईआई की वीमेन एक्साम्प्लेर कमिटी भी शामिल है| आपको सेव द चिल्ड्रेन चैरिटी के द्वारा एक 'चेंजमेकर' माना गया|

**कविता पुरी**

कविता पुरी बीबीसी में करेंट अफेयर्स पर काम करती हैं और आप पुरस्कृत टीवी एग्जिक्यूटिव प्रोडूसर और रेडियो ब्रॉडकास्टर हैं| बीबीसी रेडियो 4 के लिए आपकी तीन भागों की मुख्य सीरिज *पार्टीशन वॉइसेस* को कई प्रमुख सम्मानों से सम्मानित किया गया|

**केकी एन.दारूवाला**

केकी एन.दारूवाला एक कवि और उपन्यासकार हैं| आपके 12 काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें से पहले, *अंडर ओरियन* को आलोचकों ने काफी सराहा था| आपके छह कहानी संग्रह और तीन उपन्यास भी प्रकाशित हैं, जिनमें से हालिया प्रकाशित हैं *स्वेर्विंग टू सोलिट्युड*| आपको 1987 में कॉमनवेल्थ पोएट्री प्राइज और 2014 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया|

**केशव देसीराजू**

केशव देसीराजू ने अभी हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा से रिटायरमेंट लिया है और आप वर्ष 2013 में भारत सरकार में, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण के सचिव थे| आप हमेशा से जन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवाओं के प्रति समर्पित रहे| आप इस क्षेत्र की अनेक गैर-लाभकारी संस्थाओं के बोर्ड में भी रहे|

**केशव गुहा**

केशव गुहा एक लेखक और संपादक हैं| आपका उपन्यास *एक्सीडेंटल मैजिक* बोस्टन में 2000 के दशक के शुरुआती दौर पर आधारित है, जब व्यस्क हैरी पॉटर की दीवानगी लोगों पर छाई हुई थी| आप जगरनॉट, नई

दिल्ली के फिक्शन एडिटर हैं| आपके साहित्यिक और राजनीतिक लेख देश-विदेश के बड़े अख़बारों में छपते रहते हैं|

**कृष्णा रामानुजन**

कृष्णा रामानुजन न्यू यॉर्क की कोर्नेल यूनिवर्सिटी में साइंस लेखक हैं| साहित्य के प्रति समर्पण के साथ, आप एक लेखक के तौर पर आप अर्थवाच रेडियो, नासा और कोर्नेल यूनिवर्सिटी के साथ काम करते हैं| आपके जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, जैविकता और लैंगिकता से जुड़े विषयों पर 2,000 से अधिक लेख प्रकाशित हो चुके हैं| आप एके रामानुजन के पुत्र हैं|

**कृष्णेंदु रे**

कृष्णेंदु रे NYU में न्यूट्रीशन एंड फ़ूड स्टडीज विभाग के अध्यक्ष हैं| आपकी किताबें हैं *द माईग्रेंट'स टेबल, द एथनिक रेस्टोरेटर* और आप *करीड कल्चर्स: ग्लोबलाइजेशन, फ़ूड एंड साउथ एशिया* के सह-संपादक हैं| आप फ़ूड स्टडीज जर्नल *गैसट्रोनोमिका* के एडिटर हैं|

**कृपा गे**

कृपा गे लेखिका और संपादक हैं| आपके रिपोर्ताज और सांस्कृतिक लेख *द हिन्दू, द कारवां, द वायर, फर्स्टपोस्ट, लेडिज फिंगर, द न्यू इंडियन एक्सप्रेस* इत्यादि में छपते रहते हैं| आपको अपने स्तम्भ वीमेन इन सिनेमा के लिए वर्ष 2017 में लाडली सम्मान से नवाजा गया| आपकी किताब *रिवर्स रिमेम्बर* चेन्नई बाढ़ पर आधारित है, जिसका प्रकाशन वर्ष 2019 में हुआ| वर्ष 2020 में आपका एक उपन्यास आने वाला है|

**कुनाल बासु**

कुनाल बासु की अनेकों किताबों को समीक्षकों ने सराहा है, जिसमें उनका उपन्यास *द मिनिअचुरिस्ट* और *कलकत्ता* भी शामिल हैं| आपके कहानी संग्रह की शीर्षक कहानी, द जेपनीज वाइफ पर एक पुरस्कृत फिल्म भी बनी है| आपने बंगाली में भी उपन्यास लिखे हैं|

**लीला स्लीमानी**

लीला स्लीमानी का पहला उपन्यास *डेंस ले जार्डिन दे ल'ओग्रे* वर्ष 2014 में प्रकाशित हुआ| दो साल बाद, आपको अपने दूसरे उपन्यास, *चैनसन डाउस* के लिए प्रिक्स गोनकोर्ट पुरस्कार मिला| आप एक पत्रकार, कार्यकर्ता और लेखिका हैं| आपकी किताब *सेक्सिटमेनसोंग्स* मोरक्कन महिलाओं की सेक्स जिंदगी पर आधारित है|

**लेम्न सीसे**

लेम्न सीसे एक कवि, नाटककार, कलाकार और ब्रोडकास्टर हैं| आपने द लाइब्रेरी ऑफ़ कांग्रेस की तरफ से अमेरिका से लेकर, सिंगापुर, श्रीलंका, बंगलौर, दुबई, बाली, ग्रीनलैंड तक, पूरी दुनिया में मंच प्रस्तुति दी है|

**लिक्ला**

लिक्ला के शब्दों की घुमावदार यात्रा ने उन्हें बच्चों की लेखिका बना दिया| अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर होने के साथ, उन्होंने खुद को हमेशा एक छात्र माना| नृत्य के प्रति उनकी खास दिलचस्पी है| लिक्ला आपको अक्सर लाइब्रेरी में बैठी मिलेंगी|

**लिंडसे हिल्सम**

लिंडसे हिल्सम *इन एक्स्ट्रीमिस: द लाइफ ऑफ़ वार कॉरेसपॉडेंट मरी काल्विन*, की लेखिका हैं| आपको वर्ष 2019 में जेम्स टैट ब्लैक प्राइज से सम्मानित किया गया और कोस्टा अवार्ड के शोर्टलिस्ट भी किया गया| आप ब्रिटेन के चैनल 4 न्यूज की इंटरनेशनल एडिटर हैं, और पिछले 30 सालों से अनेकों विवादों को कवर किया| आपकी पहली किताब थी *सैंडस्टॉर्म: लीबिया इन द टाइम ऑफ़ रिवोल्यूशन*|

**लीसा डवान**

लीसा डवान एक पुरस्कृत कलाकार, निदेशक, लेखिका और स्कोलर हैं| मूल रूप से बैले डांसर के रूप में प्रशिक्षित, लीसा ने बहुत कम उम्र से ही अभिनय की शुरुआत कर दी थी| आपने थियेटर, फिल्म और टेलीविज़न में काम किया| ग्रीक थियेटर को दोबारा से मुख्य धारा में लाने के अपने प्रयास के तहत, लीसा ने अभी हाल ही में, *मेदेआ* के नए अनुवाद के लिए मार्गरेट एटवूड के साथ साझेदारी की| इसका निर्देशन रोबर्ट लेपेज करेंगे| आपकी प्रकाशित किताबें हैं, *इन द कम्पनी ऑफ़ बेकेट, टर्निंग पॉइंट: बेकेट, हेड ऑफ़ ज़ीउस, ए बॉडी ऑफ़ बेकेट* और *विज़न फॉर यूरोप*|

**लीज़ा रे**

लीज़ा रे दुनिया भर में प्रसिद्ध कलाकार, फिलांथ्रोपिस्ट, लेखिका और पब्लिक स्पीकर हैं| आप भारत के सबसे सफल मॉडल और पुरस्कृत अभिनेत्री हैं| आपकी फिल्म *वाटर* को ऑस्कर के लिए भी नॉमिनेट किया गया था| वर्ष 2009 में लीसा को ब्लड कैंसर हुआ, और उसके साथ अपनी लड़ाई को उन्होंने अपने ब्लॉग, ‘द येलो डायरीज’ में लिखा| आपकी किताब है, *क्लोज टू द बोन* और अभी हाल ही में आपने हार्पर कोलिन्स के साथ तीन किताबों के अनुबंध पर साइन किये हैं|

**माधव कौशिक**

माधव कौशिक हिंदी के कवि और लेखक हैं| आपको अखिल भारतीय बलराज साहनी पुरस्कार (2006); महाकवि सूरदास सम्मान (2010) और शिरोमणि साहित्यकार सम्मान (2012) से सम्मानित किया गया| आपकी लिखी 33 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं| आपकी कुछ किताबों का पंजाबी, उर्दू, संस्कृत, ओड़िया और असमी भाषाओँ में अनुवाद हुआ है| आप चंडीगढ़ साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष और नेशनल साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष रहे हैं|

**माधव खोसला**

माधव खोसला अशोका यूनिवर्सिटी, अम्बेडकर यूनिवर्सिटी और कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में राजनीति पढ़ाते हैं, और हार्वर्ड सोसाइटी के फेलो हैं| आपकी हालिया किताब, *इंडिया’स फाउंडिंग मूमेंट* भारतीय संविधान पर आधारित है|

**मधु आचार्य**

मधु आचार्य जाने-माने राजस्थानी लेखक, पत्रकार और कवि हैं| आचार्य ने 200 से अधिक नाटकों की पटकथा लेखन के साथ निर्देशन भी किया है| आचार्य दैनिक भास्कर (बीकानेर) के एग्जिक्यूटिव एडिटर हैं और आपको पत्रकारिता के लिए शम्भू-सक्सेना पुरस्कार भी प्रदान किया गया| हिंदी और राजस्थानी में आपने 66 किताबें लिखी हैं, जिनके लिए आपको साहित्य अकादेमी के साथ अनेकों पुरस्कार प्रदान किये गए| आपके साहित्य को महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया गया है| वर्तमान में आप साहित्य अकादेमी राजस्थानी भाषा सलाहकार बोर्ड में कार्यरत हैं|

**मधुर जाफरी**

मधुर जाफरी ने बहुत सी कुकबुक्स लिखी हैं, जिनमें से अनेकों को पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है| आपको सीबीई सम्मान से भी सम्मानित किया गया और आपको बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट ऐक्ट्रेस का सिल्वर बेअर अवार्ड भी दिया गया| आपने अनेकों फिल्मों में अभिनय भी किया है|

**मधुरा गॉडबोले**
मधुरा गॉडबोले अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडियन स्टडीज में सीनियर प्रोफेसर हैं| आप येल-एनयूएस सिंगापूर यूनिवर्सिटी में संस्कृत भी पढ़ाती हैं| प्रोफेसर गॉडबोले का योगदान पश्चिम में संस्कृत पीएचडी कराने में हैं| आपने संस्कृत में कई लघु कथाएं लिखी हैं और भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य नाटक का संस्कृत में अनुवाद भी किया है| आप उत्तर भारतीय संगीत की प्रोफेशनल क्लासिकल गायिका भी हैं|

**मकरंद साठे**
मकरंद साठे व्यवसाय से आर्किटेक्ट हैं, और पिछले तीन दशकों से नाटक, उपन्यास और लेख लिख रहे हैं| आपके लिखे नाटक बहुत से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मंचित किये गए| आपके लिखे नाटकों और उपन्यासों का अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और बहुत सी भारतीय भाषाओँ में अनुवाद हुआ| 'मराठी थियेटर के सामाजिक-राजनैतिक इतिहास' पर आपके तीन खंड वर्ष 2015 में प्रकाशित हुए थे|

**मालश्री लाल**
मालश्री लाल ने अभी हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में अपनी अकादमिक और प्रशासनिक सेवाओं से रिटायरमेंट लिया है| आप साहित्य अकादेमी और भारतीय ज्ञानपीठ की सलाहकार समिति में हैं| आपकी विशेषज्ञता साहित्य, महिला और लैंगिक विषयों पर है| आपकी प्रकाशित किताबों में *इन सर्च ऑफ़ सीता: रिविजिटिंग मायथोलोजी, टैगोर एंड द फेमिनिन: ए जर्नी थ्रू ट्रांसलेशन* और *फाइंडिंग राधा: द क्वेस्ट फॉर लव* शामिल हैं| लाल कल्चरल मिनिस्ट्री की वरिष्ठ सलाहकार और बहुत से पुरस्कारों की जूरी में भी रही हैं|

**मानल युनुस**
मानल युनुस ऑस्ट्रेलिया की कहानीकार हैं, जिनका मानना है कि भाषा और कहानियां हमारे अस्तित्व का हिस्सा हैं| अपने लेखन और प्रस्तुति के माध्यम से युनुस जीवन के विभिन्न पहलुओं को तलाशती हैं| आप नेतृत्व, लैंगिकता, महिला सक्षमता, आस्था, संस्कृति, भाषा, प्रवास, वर्णभेद जैसे अनेकों मुद्दों पर अपनी बात रखती हैं| वर्ष 2015 में आपने अपनी पहली कविता की किताब, *रीप* प्रकाशित की| उसी साल आपने सोल लाउंज की स्थापना की, जो विविध विषयों पर बात करने का खुला मंच है|

**मानसी सुब्रमन्यम**
मानसी सुब्रमन्यम पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया में सीनियर कमीशनिंग एडिटर और हेड ऑफ़ लिटरेरी राइट्स हैं|

**मनु एस.पिल्लई**
मनु एस.पिल्लई लेखक हैं, जिनकी किताबों *द आइवरी थ्रोन, रेबेल सुल्तांस* और *द कर्टिसंस, द महात्मा एंड द इटालियन ब्राह्मण* को आलोचकों ने सराहा| आप शशि थरूर के चीफ ऑफ़ स्टाफ भी रहे हैं, और आपने साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार भी हासिल किया| इतिहास पर लिखे आपके लेख अक्सर *मिंट लाउन्ज, द हिन्दू, हिंदुस्तान टाइम्स, ओपन मैगजीन, न्यू स्टैट्समैन* इत्यादि में छापते रहते हैं|

**मणिमुग्ध एस. शर्मा**
मणिमुग्ध एस. शर्मा *टाइम्स ऑफ़ इंडिया* के पत्रकार हैं| आप दिल्ली के रहने वाले हैं| आपकी लिखी किताब *अल्लाहु अकबर: अंडरस्टैंडिंग द ग्रेट मुग़ल इन टुडे'स इंडिया*, सम्राट अकबर के समय को आधुनिकता के चश्मे से देखती है| एक माहिर कुइज़ेर और क्विज मास्टर शर्मा राजनीति, सैन्य इतिहास, मुग़ल और ब्रिटिश साम्राज्य में गहरी दिलचस्पी रखते हैं|

**मार्कस दू सौतॉय**
मार्कस दू सौतॉय ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में विज्ञान और गणित के प्रोफेसर हैं| आपने छह किताबें लिखी हैं, जिसमें हालिया किताब *द क्रिएटिविटी कोड* भी शामिल है| आपने अनेकों रेडियो और टीवी प्रोग्राम प्रस्तुत किये, जिसमें बीबीसी की चार भागों की श्रृंखला द स्टोरी ऑफ़ मैथ्स भी शामिल है| आपको 2010 में साइंस की सर्विस के लिए OBE सम्मान दिया गया और 2016 में आप रॉयल सोसाइटी के फेलो बने|

**मार्कस मोएंच**
मार्कस मोएंच साउथ एशिया, यूनाइटेड स्टेट्स और पूरी दुनिया में जल, जलवायु और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों पर काम करते हैं| जटिल सामाजिक-पर्यावरणीय प्रणाली में आये बदलावों के वर्णन के साथ, आप संस्कृति, कला और विज्ञान के बदलावों पर भी नजर रखते हैं| आपने 1997 में इंस्टिट्यूट फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल ट्रांजिशन की स्थापना की|

**मार्गरेट अल्वा**
मार्गरेट अल्वा ने अपने कैरियर के 50 सालों में अधिक समय पब्लिक जीवन जीते हुए बिताया| आप 30 वर्षों तक संसद सदस्य रहीं, एक दशक तक केंद्रीय मंत्री और पांच सालों तक कांग्रेस पार्टी की जनरल सेक्रेटरी रहीं| यायावर और खुलकर अपनी बात कहने वाली मार्गरेट की आत्मकथा *करेज एंड कमिटमेंट* में उनके जीवन के 77 वर्षों का ब्यौरा है|

**मार्टिन गुडमैन**
मार्टिन गुडमैन की जेम्स थोर्नटन के साथ पर्यावरण पर लिखी हुई किताब *क्लाइंट अर्थ* वर्ष 2017 की बिजनेस बुक थी| जाने-माने समीक्षकों ने आपकी किताब को सराहा| आप हल यूनिवर्सिटी में क्रिएटिव राइटिंग के एमेरिटस प्रोफेसर हैं और बर्बिकां प्रेस में प्रकाशक|

**माइकल डायर**
माइकल डायर हर्स्ट पब्लिशर, लंदन के मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रकाशक हैं| हर्स्ट की स्थापना 1969 में हुई थी| डायर सोएस, लंदन यूनिवर्सिटी से अफ्रीकन इतिहास पढ़ने के बाद, 1985 में हर्स्ट से जुड़े, और कैम्ब्रिज में बुकसेलर के तौर पर काम किया| उनका प्रकाशन राजनीति, संस्कृति और इतिहास पर साल में 75 किताबें प्रकाशित करता है| हर्स्ट के प्रकाशित लेखकों में शशि थरूर, इलहान ओमार, फैसल देवजी और क्रिस्टोफ जाफरलो शामिल हैं| हालिया वर्षों में हर्स्ट की दो किताबें ओरवेल प्राइज के लिए नोमिनेट हुईं: गाईउतरा बहादर की *कूली वुमन* और अल्पा शाह की *नाईटमार्च*|

**माइकल मेनेज़ेस**
माइकल मेनेज़ेस भारतीय इवेंट इंडस्ट्री के अनुभवी अग्रेता हैं| एडवरटाइजिंग और इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में 40 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, आपने इंडियन इवेंट इंडस्ट्री को एक संघ के रूप में संगठित करने का महत्वपूर्ण काम किया| इस संघ में आज 300 से अधिक सदस्य हैं| वर्तमान में आप शोटाइम इवेंट्स (इंडिया) प्रा.लि. के अध्यक्ष हैं|

**मिरांडा (एमजे) कार्टर**
मिरांडा (एमजे) कार्टर पांच किताबों के लेखिका हैं, जिनमें उनकी पुरस्कृत किताबें: विश्वयुद्ध के दौरान कैम्ब्रिज के दो जासूसों पर आधारित, *एंथोनी ब्लंट: हिज लाइव*; पहले विश्वयुद्ध से पूर्व यूरोप के शाही परिवार की उधेड़बुन *द थ्री एम्परर*; और 1837 के भारत पर आधारित *द स्ट्रेंजलर विने* शामिल हैं| आप रॉयल सोसाइटी लिटरेचर की फेलो हैं|

**मिशी सरन**

मिशी सरन के पहले उपन्यास, *द अदर साइड ऑफ़ लाइट* को कॉमनवेल्थ बुक प्राइज के लिए शोर्टलिस्ट किया गया| वर्ष 2005 में आये उनके चर्चित यात्रावृतांत *चेजिंग द मोंक'स शैडो: ए जर्नी इन द फुटस्टेप्स ऑफ़ जुआनजंग* का नया संस्करण वर्ष 2018 में प्रकाशित हुआ| आप 1930 के दौर के शंघाई पर एक उपन्यास ख़त्म कर रही हैं|

**मोहित सत्यानंद**

मोहित सत्यानंद एक उद्यमी और निवेशक हैं, जो पैकेज्ड फ़ूड, कला के प्रोत्साहन और भाषा सिखाने के व्यवसाय में रहे हैं| वर्तमान में आप टीमवर्क आर्ट्स के चेयरपर्सन हैं और पब्लिक व प्राइवेट क्षेत्र की बहुत सी कम्पनियों के बोर्ड में नियुक्त हैं| आप बहुत से स्टार्ट-अप्स के एंजेल इन्वेस्टर और मार्गदर्शक रहे हैं|

**नंद भारद्वाज**

नंद भारद्वाज एक जाने-माने राजस्थानी और हिंदी लेखक, व मीडिया एक्सपर्ट हैं| आपने राजस्थानी और हिंदी में दो दर्जन से भी अधिक किताबें लिखी हैं, जिनमें कविता, उपन्यास, लघु कथा, साहित्यिक आलोचना और प्रसिद्ध विद्वानों के साक्षात्कार शामिल हैं| आपने अल्बर्ट कामुस के *द आउटसाइडर* का राजस्थानी में अनुवाद किया| आपको साहित्य अकादेमी अवार्ड, भारतेंदु हरिश्चंद्र अवार्ड, बिरला फाउंडेशन का बिहारी अवार्ड, सूर्यमल मिशन शिखर पुरस्कार, राजस्थानी भाषा साहित्य अकादेमी सहित अनेकों सम्मानों से सम्मानित किया गया है| भारद्वाज दूरदर्शन केंद्र, जयपुर के सेवानिवृत वरिष्ठ डायरेक्टर हैं और वर्तमान में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के रीजनल सलाहकार के तौर पर काम करते हैं|

**नमिता गोखले**

नमिता गोखले एक पुरस्कृत लेखिका, प्रकाशक और फेस्टिवल डायरेक्टर हैं| आपकी लिखी 18 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें से दस फिक्शन श्रेणी की हैं| आपका हालिया उपन्यास, *जयपुर जर्नल्स*, जनवरी 2020 में लोकार्पित होगा| गोखले जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल, माउंटेन इकोज, भूटान लिटरेचर फेस्टिवल की संस्थापक और सह-निदेशक हैं| आप यात्रा बुक्स की भी संस्थापक निदेशक हैं, जो अनुवाद क्षेत्र का अग्रिम प्रकाशन है|

**नमिता वाइकर**

नमिता वाइकर एक लेखिका और अनुवादक हैं| आपका उपन्यास है *द लॉन्ग मार्च*| आप पीपल'स आर्काइव ऑफ़ रूरल इंडिया (PARI) की प्रबंध संपादक हैं और लिंग, महिला, समाज और संस्कृति पर ग्रामीण नजरिये से लिखती हैं| आप ग्रिंडमिल सोंग प्रोजेक्ट का नेतृत्व करती है और विदेशों में PARI के भारतीय भाषाओँ का अनुवाद संभालती हैं| आप पुणे की कैमिस्ट्री डाटाबेस फर्म में पार्टनर हैं|

**नंदिनी नायर**

नंदिनी नायर *ओपन* मैगजीन की लिटरेरी और कल्चर एडिटर हैं| आपने *द इंडियन एक्सप्रेस* और *द हिन्दू* के फीचर सेक्शन में लेखिका और कमीशनिंग एडिटर के तौर पर भी काम किया| आप सामाजिक और सांस्कृतिक मसलों पर लिखती हैं|

**नंदिता दास**

नंदिता दास ने दस भिन्न भाषाओँ की 40 से अधिक फिल्मों में काम किया है| वर्ष 2008 में उन्होंने *फिराक़* फिल्म से अपनी निदेशकीय पारी की शुरुआत की थी, जिसे देश-विदेश में समीक्षकों की भारी प्रशंसा मिली| आप दो बार कांस फिल्म फेस्टिवल की जूरी का हिस्सा बन चुकी हैं| आपने सोशल वर्क में मास्टर डिग्री प्राप्त की और आप सामाजिक न्याय और मानवाधिकार की कट्टर समर्थक हैं| दास रंग भेद पर आधारित एक प्रचार अभियान 'डार्क इज ब्यूटीफुल' का हिस्सा है, जिसने उन्होंने वर्ष 2019 में 'इंडिया'स गोट कलर' नाम से फिर से प्रस्तुत किया| आपको फ़्रांस की सरकार ने ऑर्डर ऑफ़ आर्ट्स की उपाधि से सम्मानित किया और आप इन्टरनेशनल वीमेन'स फोरम में शामिल होने वाली पहली भारतीय हैं| आपको 2014 वर्ल्ड येल फेलो के लिए चुना गया| 2018 में रिलीज

हुई फिल्म *मंटो*, उनके द्वारा निर्देशित दूसरी फिल्म थी, जिसे कांस फिल्म फेस्टिवल सहित दुनियाभर में प्रदर्शित किया गया|

**नवदीप सूरी**

नवदीप सूरी ने यूएई में भारतीय राजदूत, हाई कमिश्नर टू ऑस्ट्रेलिया, मिस्र के राजदूत और जोहान्सबर्ग में कौंसल जनरल के तौर पर अपनी सेवा प्रदान की| आप तंज़ानिया, यूके, यूएस, अफ्रीका में भी राजनयिक परियोजनाओं के लिए गए| आपने अपने नाना नानक सिंह के लोकप्रिय उपन्यास *पवित्र पापी* का अनुवाद *द वाचमेकर*, *अध्खिल्या फूल* को *ए लाइफ इनकम्प्लीट* के रूप में किया| अब आप अपने नाना की 1920 में जलियांवाला बाग़ हत्याकांड के बाद लिखी, लम्बी कविता *खूनी वैसाखी* का अनुवाद कर रहे हैं|

**नील सोनी**

नील सोनी एक युवा पर्यावरणविद और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर हैं| वर्ष 2015 में उन्हें NDTV ने भारत के उभरते युवा वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर की उपाधि दी थी, जब चैनल के चुनिंदा 10 फोटो में एक तस्वीर नील सोनी द्वारा क्लिक की हुई थी| आपका काम *सैंक्चुअरी* मैगजीन और एक *द ताडोबा इनहेरिटेंस* नाम की कॉफ़ी टेबल बुक के रूप में प्रकाशित हुआ है| आपकी नई किताब, *ए वाक ऑन द वाइल्डसाइड* उनके अपने सफर का संस्मरण है|

**नीलम सरन गौर**

नीलम सरन गौर के छह उपन्यास, चार कहानी संग्रह और दो कथेतर श्रेणी की किताबें छप चुकी हैं| आपने अपने एक उपन्यास का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद भी किया है| आप *TLS, द बुक रिव्यू, द इंडियन रिव्यू ऑफ़ बुक्स* और *बिब्लियो* के लिए समीक्षा भी लिखती हैं, और *हिंदुस्तान टाइम्स* के इलाहबाद संस्करण की स्तंभकार और वर्तमान में *फर्स्टपोस्ट* के लिए साहित्यिक लेख लिखती हैं| आपका हालिया प्रकाशित उपन्यास है, *रेक्विअम इन राग जानकी*| इस उपन्यास को वर्ष 2018 के द हिन्दू प्राइज से सम्मानित किया गया| आप इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी साहित्य पढ़ाती हैं|

**निकोलस कोलेरिज**

निकोलस कोलेरिज  ने अपने तीस साल के करियर में कोंडे नास्ट में एडिटोरियल डायरेक्टर, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और चेयरमैन की भूमिका निभाई| वर्तमान में वो विक्टोरिया एंड अल्बर्ट म्यूजियम के अध्यक्ष हैं और 14 किताबें लिख चुके हैं, जिनमें उनके संस्मरण *द ग्लॉसी इयर्स, पेपर टाइगर्स, द फैशन कांस्पीरेसी* शामिल हैं| आपके लिखे उपन्यासों में *गॉडचिल्ड्रेन, विथ फ्रेंड्स लाइक दीज* और *ए मच मैरिड मैन* प्रमुख हैं|

**नीलांजना एस.रॉय**

नीलांजना एस.रॉय पुरस्कृत उपन्यासों *द विल्डिंग्स* और *द हंड्रेड नेम्स ऑफ़ डार्कनेस* की लेखिका हैं, और *फाइनेंसियल टाइम्स* में नियमित रूप से कॉलम लिखती हैं| आपने अनेकों संग्रहों का सम्पादन किया हैं, और हाल ही में अपना तीसरा उपन्यास, *ब्लैक रिवर* पूरा किया|

**निरुपमा दत्त**

निरुपमा दत्त एक कवयित्री, स्तंभकार और अनुवादक होने के साथ ही अंग्रेजी और पंजाबी में लिखती हैं| आपकी हालिया प्रकाशित किताब हैं: पंजाब के दलित आइकॉन की जीवनी, *द बैलड ऑफ़ बंत सिंह*, और गुलज़ार के संग्रह *प्लूटो* का अंग्रेजी अनुवाद| आपकी काव्य और गद्य की अनेकों किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं|

**निरुपमा राव**

निरुपमा राव रिटायर्ड इंडियन फोरेन सेक्रेटरी हैं और आपने श्री लंका, चीन और यूनाइटेड स्टेट्स की परियोजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई| आपकी किताब, *टेल इट ऑन द माउंटेन: इंडिया एंड चाइना, 1949-1962* वर्ष 2020 में

आने वाली है| अपने पति, सुधाकर राव के साथ मिलकर, आपने साउथ एशियन सिम्फनी फाउंडेशन की स्थापना की, जिसका मकसद संगीत के माध्यम से विभाजित दक्षिण एशिया को करीब लाना है|

**निष्ठा गौतम**
निष्ठा गौतम *द क्विंट* में ओपिनियन एडिटर हैं| पत्रकारिता में फुल-टाइम आने से पहले, आप दिल्ली विश्वविद्यालय में आठ सालों तक अंग्रेजी साहित्य पढ़ाती थीं| राजनीति और वर्तमान हालात में दिलचस्पी होने के साथ ही आपका रुझान हमेशा से साहित्य की तरफ भी रहा|

**ओम स्वामी**
ओम स्वामी ने अध्यात्म और कल्याण पर लिखकर लाखों लोगों की जिंदगी को प्रभावित किया| सिडनी में यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी से एमबीए करके, आपने मल्टी-मिलियन डॉलर का बिजनेस खड़ा किया| एक अपारम्परिक संत, जो दुनिया के सबसे फलते-फूलते ध्यान आन्दोलन, ब्लैक लोटस का संस्थापक है| ओम स्वामी महीने में दो बार अपने ब्लॉग पर लिखते हैं, और इसके अलावा हर प्रकार के सोशल मीडिया से दूर रहते हैं|
**ऑस्कर पुजोल**
ऑस्कर पुजोल बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में संस्कृत पढ़ाते हैं| आपकी लिखी और अनुवाद की हुई बहुत किताबें प्रकशित हो चुकी हैं, जिनमें संस्कृत की दो डिक्शनरी भी शामिल हैं: *संस्कृत-कातालान* और *संस्कृत-स्पेनिश*| वर्ष 2002 में आपने बार्सेलोना में कासा एशिया स्थापित करने में मदद की| वर्ष 2007 में आपने नई दिल्ली में इन्स्तितुतो सर्वान्तेस की स्थापना की|

**परमेश्वरन अय्यर**
परमेश्वरन अय्यर भारत सरकार में पीने के पानी और सफाई विभाग के सचिव हैं| आप स्वच्छ भारत मिशन और जलजीवन मिशन का निरिक्षण करते हैं| भूतपूर्व आईएस, अय्यर वर्ल्ड बैंक, वाशिंगटन डीसी में जल मैनेजर थे| ग्लोबल सेक्टर में काम करने का आपको 25 साल का अनुभव है और आप *द स्वच्छ भारत रिवोल्यूशन* किताब के संपादक भी हैं|

**पार्वती शर्मा**
पार्वती शर्मा का पहला कहानी संग्रह *द डेड कैमल एंड अदर स्टोरीज ऑफ़ लव* था| आपने एक उपन्यास *क्लोज टू होम* भी लिखा| कथेतर साहित्य में, *जहांगीर: एन इंटिमेट पोर्ट्रेट ऑफ़ ए ग्रेट मुग़ल* है और बच्चों के लिए दो किताबें *द स्टोरी ऑफ़ बाबर* और *रट्टू एंड पूरि'स एडवेंचर इन हिस्ट्री: 1857* भी लिखी हैं| आप *द हिन्दू बिजनेस लाइन* के लिए स्तम्भ भी लिखती हैं|

**पॉल मुल्डून**
पॉल मुल्डून बेलाफेस्ट में बीबीसी के भूतपूर्व रेडियो और टेलीविज़न प्रोडूसर हैं| आपने 30 वर्षों तक प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी में पढ़ाया| आपके 13 काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें *मोय सैंड एंड ग्रेवल* भी शामिल है, जिसे 2003 में पुलित्ज़र पुरस्कार दिया गया था| आपका हालिया प्रकाशित संग्रह है *फ़्रोलिक एंड डीटौर*|

**पायल अरोड़ा** एरास्म्स यूनिवर्सिटी रोट्टरडैम में प्रोफेसर हैं| आप अनेकों किताबों की पुरस्कृत लेखिका हैं, जिनमें *द नेक्स्ट बिलियन यूजर्स* भी शामिल है| फ़ोर्ब्स ने आपको 'नेक्स्ट बिलियन चैंपियन' का ख़िताब दिया|

**पीटर फ्रंकोपन**
पीटर फ्रंकोपन ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में ग्लोबल हिस्ट्री के प्रोफेसर हैं| आप वहां स्ताव्रोस निअर्कोस फाउंडेशन के डायरेक्टर भी हैं| आपकी किताबों में *द सिल्क रोड, द न्यू सिल्क रोड* और *द फर्स्ट क्रूसेड* शामिल हैं| वर्ष 2019 में प्रोस्पेक्ट मैगजीन ने आपको दुनिया के टॉप 50 चिंतकों में गिना|

**पीटर हेस्लर**
पीटर हेस्लर 20 सालों तक *द न्यू योर्कर* के स्टाफ राइटर रहे, जहां उनका मुख्य फॉक्स चीन और मिस्र पर ही था| आपको मैकआर्थर फेलोशिप, नेशनल मैगजीन अवार्ड प्रदान किया गया और आप नेशनल बुक अवार्ड के फाइनलिस्ट भी बने| आपकी पिछली किताब, *द बरिड* पिछले साल प्रकाशित हुई|

**पीटर मीच**
पीटर मीच एक लेखक, पटकथा लेखक, निदेशक और प्रोडूसर हैं| आपके संस्मरण, *मिस्ट्रीज ऑफ़ द लाइफ फ़ोर्स: माय अप्रेन्टस्शिप विद ए शी कुंग मास्टर* का अनेकों भाषाओँ में अनुवाद हुआ| आपने स्टेनफोर्ड से कम्युनिकेशन में स्नातकोत्तर किया, जहां आपको स्टेनफोर्ड निकोल राइटिंग अवार्ड भी प्रदान किया गया|

**प्रज्ञा तिवारी**
प्रज्ञा तिवारी एक पत्रकार हैं, जो राजनीति, पहचान, नीति और संस्कृति पर लिखती हैं| आपके लेख *तहलका, द बिग इंडियन पिक्चर* और *वाईस* में प्रकाशित होते हैं| वर्तमान में आप नीति और संस्कृति सलाहकार के रूप में कार्य कर रही हैं|

**प्रसून जोशी**
प्रसून जोशी एक एडवर्टाइजिंग प्रोफेशनल, गीतकार और कवि हैं| आपने 17 साल की उम्र में अपना पहला काव्य संग्रह प्रकाशित किया था| आपकी हालिया किताब है *थिंकिंग अलाउड*| वर्तमान में आप मैककैन वर्ल्डग्रुप इंडिया के सीईओ और चीफ क्रिएटिव ऑफिसर हैं और मैककैन एशिया पसिफ़िक के अध्यक्ष हैं| जोशी ने *रंग दे बसंती, तारे ज़मीन पर* जैसी फिल्मों के गीत लिखे, जिनके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ गीत का नेशनल फिल्म अवार्ड प्राप्त हुआ| आपकी फिल्म *भाग मिल्खा भाग* को फिल्मफेयर मिला| कला, साहित्य में आपके योगदान के लिए आपको भारत सरकार ने वर्ष 2016 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया|

**आर गोपालकृष्णन**
आर गोपालकृष्णन ने यूनिलीवर अरेबिया में अध्यक्ष, ब्रूक बांड लिप्टन में एमडी, हिंदुस्तान लीवर में उपाध्यक्ष और टाटा संस और टाटा के दूसरी कम्पनियों में निदेशक के तौर पर अपनी सेवाएं दीं| आपकी लिखी हुई नौ किताबें भी प्रकाशित हुई हैं, जिसमें *द केस ऑफ़ द बोन्साई मैनेजर, वेन द पेनी ड्रॉप्स: लर्निंग व्हाट'स नॉट टॉट* और *ए बायोग्राफी ऑफ़ इन्नोवेशन: फ्रॉम बर्थ टू मेच्योरिटी* शामिल हैं|

**रेचल डायर**
रेचल डायर सोएस, लंदन यूनिवर्सिटी में इंडियन कल्चर और सिनेमा पढ़ाती हैं| आपकी हालिया प्रकाशित किताब है, *पिक्चर अभी बाकी है: बॉलीवुड एज ए गाइड टू मॉडर्न इंडिया*| आपने प्रशांत किदम्बी और मंजिरी कामत के साथ *बॉम्बे बिफोर मुंबई: एस्से इन ऑनर ऑफ़ जिम मसेलोस* का सह-संपादन किया है|

**रेचल ट्रेज़िस**
रेचल ट्रेज़िस एक लेखिका और नाटककार हैं| आपके काम को ऑरेंज फ्यूचर अवार्ड और इंटरनेशनल डिलन थॉमस प्राइज से सम्मानित किया गया| आपका हालिया नाटक *कॉटन फिंगर्स* आयरलैंड और वेल्स तक पहुंचा और उसे अनेकों पुरस्कार भी प्राप्त हुए|

**राघव चंद्रा**

राघव चंद्रा *काली'स डॉटर* के लेखक हैं| आपकी ये किताब जोरदार तरीके से भारतीय समाज में जातिगत भेदभाव को दर्शाती है| आपका उपन्यास *सेंट ऑफ़ ए गेम* जंगल में शिकार और पर्यावरण पर आधारित था| आप सरकार में एक महत्वपूर्ण ओहदे पर हैं और हार्वर्ड के मेसन फेलो भी रहे हैं| आप विकास और संवहनियता पर लिखते हैं और भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल के निदेशक हैं|

**राज कमल झा**

राज कमल झा *द इंडियन एक्सप्रेस* के चीफ एडिटर हैं, जहां वो वर्ष 1996 से कार्यरत हैं| झा को मुंबई प्रेस क्लब ने उनके बेहतरीन काम के लिए नेशनल रेड इंक अवार्ड से सम्मानित किया था| एक उपन्यासकार के तौर पर आपकी ख्याति देश-विदेश में है, और आपके उपन्यास का अनुवाद दर्जन भर भाषाओं में हुआ है| आपका हालिया उपन्यास है *द सिटी एंड द सी*, जो नई दिल्ली में हुए बलात्कार के बाद के जीवन को तलाशता है|

**रजनी वैद्यनाथन**

रजनी वैद्यनाथन बीबीसी साउथ एशिया की संवाददाता हैं, जो भारत, श्री लंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल इत्यादि की रिपोर्ट करती हैं| आप बीबीसी टीवी, रेडियो और ऑनलाइन ख़बरें देती हैं| आपने अभी हाल ही में भारतीय चुनावों, श्री लंका में हुए आतंकी हमले और दलाई लामा के साक्षात्कार को कवर किया| इससे पूर्व अपने वाशिंगटन संवाददाता के तौर पर ट्रम्प के प्रचार अभियान पर रिपोर्ट बनाई थी|

**राजू राम बिजारनिया**

राजू राम बिजारनिया राजस्थानी साहित्य के प्रमुख कवियों में से एक हैं| आप अपने काव्य संग्रह चल भतुलिया रट राम से लोकप्रिय हुए| आपको युवा पुरस्कार एयर जवाहरलाल नेहरु बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया|

**राकेश कॉल**

राकेश कॉल आईआईटी गोल्ड मेडलिस्ट हैं, जो वर्ष 1972 में अमेरिका में जाकर बस गए थे| कॉल का अमेरिका में ट्रेड कम्पनियों का सीईओ के रूप में शानदार कैरियर रहा| आपकी कामयाब किताब *द लास्ट क्वीन ऑफ़ कश्मीर* है| आपने इंडो अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष के तौर पर अपनी सेवाएं भी दीं|

**रमेश शर्मा**

रमेश शर्मा पुरस्कृत फिल्म और डॉक्यूमेंट्री प्रोडूसर और डायरेक्टर हैं| आपको अपने बेहतरीन काम के लिए छह नेशनल अवार्ड और अनेकों अतर्राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है| आपकी डॉक्यूमेंट्री, *द जर्नलिस्ट एंड द जिहादी: द मर्डर ऑफ़ डेनियल पर्ल* को दो एमी अवार्ड्स और एक इंडियन नेशनल अवार्ड के लिए नामांकित किया गया था| गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर, शर्मा ने 103 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री निर्देशित, जिसका शीर्षक था *अहिंसा: गांधी: द पावर ऑफ़ पावरलेस*| इसे ग्लोबल पीस अवार्ड से सम्मानित किया गया|

**रामी टार्गोफ़**

रामी टार्गोफ़ का शोध क्षेत्र इंग्लिश पुनर्जागरण और इटेलियन पुनर्जागरण है| आप एक पुरस्कृत लेखिका हैं, जिनकी अंग्रेजी पुनर्जागरण पर तीन किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं: *कॉमन प्रेयर्स: द लैंग्वेज ऑफ़ पब्लिक डिवोशन, जॉन डॉन, बॉडी एंड सोल* और *पोस्थुमस लव: एरोस एंड द आफ्टर लाइफ इन रेनेंसा इंग्लैंड*| हाल ही में आपने 16वीं सदी की इतालवी कवयित्री वित्तोरिया कोलोंना की जीवनी लिखी है, *रेनेंसा वुमन: द लाइफ ऑफ़ वित्तोरिया कोलोंना*| आपकी आने वाली किताब है, शेक्सपियर'स सिस्टर्स, ये इंग्लैंड के पुनर्जागरण काल की चार महिलाओं की सामूहिक जीवनी है| वो महिलाएं हैं: मैरी सिडनी हर्बर्ट, एमिलिया लान्येर, एलिजाबेथ कैरी और एन क्लिफोर्ड|

**राम कुमार**
राम कुमार ताउम्र आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणाली के छात्र रहे हैं| पिछले दो दशकों में, आपने स्वास्थ्य, ख़ुशी और संतोष से जुड़े कई व्याख्यान और कार्यशालाओं का आयोजन किया है| रामकुमार पुनर्नवा आयुर्वेद के संस्थापक-निदेशक हैं, ये संस्थान 'विश्व कल्याण के लिए प्रमाणिक आयुर्वेद' के प्रति समर्पित है| आप आर्य वैद्य फार्मेसी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर भी हैं|

**रंजीत होस्कोटे**
रंजीत होस्कोटे एक कवि, सांस्कृतिक थियोरिस्ट और क्यूरेटर हैं| आपके छह कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जिसमें *वैनिशिंग एक्ट, सेंट्रल टाइम* और *जोना व्हेल* शामिल हैं| 14वीं सदी की कश्मीरी महिला संत की कविताओं का आपके द्वारा किया अनुवाद, *आई, लल्ला: द पोयम्स ऑफ़ लाल डेड* के रूप में प्रकाशित हुआ| होस्कोटे ने वेनिस में भारत के पहले नेशनल पवेलियन को क्युरेट किया, जिसका शीर्षक 'एवरीवन एग्रीस: इट्स अबाउट टू एक्सप्लोड' था| आपको साहित्य अकादेमी गोल्डन जुबली अवार्ड, साहित्य अकादेमी अनुवाद अवार्ड और एसएच रज़ा साहित्य अवार्ड से सम्मानित किया गया| आपकी कविताओं का अनुवाद जर्मन, हिंदी, स्वीडिश, स्पेनिश और अरेबिक में किया गया|

**रश्मि बंसल**
रश्मि बंसल नौ किताबों की कामयाब लेखिका हैं| आपकी लिखी किताबें उद्यमियों और बदलावकर्ताओं के प्रेरक सफर का दस्तावेज है| इन किताबों की 1.2 मिलियन प्रतियां बिक चुकी हैं, और इनका 12 भाषाओँ में अनुवाद हुआ है, जिसमें कोरियाई और वियतनामी भाषा भी शामिल है| भारत की नम्बर 1 बिजनेस लेखिका , बंसल की पहली किताब *स्टे हंग्री स्टे फूलिश बेस्टसेलर* रही थी| आपकी अन्य किताबों में *कनेक्ट्स द डॉट्स, आई हेव ए ड्रीम, टेक मी होम, गॉड'स ओन किचन* और *टच द स्काई* शामिल है| बंसल की हालिया प्रकाशित किताब है *शाइन ब्राइट: इंस्पायरिंग स्टोरीज ऑफ़ सीईओ हू आर इन्ट्राप्रेन्योर*|

**रवीश कुमार**
रवीश कुमार जाने-माने और निर्भीक टीवी एंकर हैं| आप पत्रकार और लेखक हैं, जो राजनीति और समाज जैसे विषयों पर अपनी राय रखते हैं| आप NDTV इंडिया के सीनियर एग्जिक्यूटिव एडिटर हैं, और बहुत से फ्लैगशिप प्रोग्राम की मेजबानी करते हैं, जैसे *प्राइम टाइम, हम लोग* और *रवीश की रिपोर्ट*|

**रीया मुखर्जी**
रीया मुखर्जी *द बॉडी मिथ* की लेखिका हैं, जिसे टाटा लिटरेचर लाइव फर्स्ट बुक अवार्ड 2019 के लिए शोर्टलिस्ट किया गया था| आपका काम *लोस एंजल्स टाइम्स, बज़फीड, स्क्रोल.इन, इलेक्ट्रिक लिटरेचर, आउट ऑफ़ प्रिंट मैगजीन* और *साउथर्न ह्युमेनिटीज रिव्यू* इत्यादि में छपता रहता है| आपने 2012 में बंगलोरराइटर वर्कशॉप की सह-स्थापना की थी और वर्तमान में आप राइट लीला राइट की सह-संचालक हैं|

**ऋतू प्रिया**
ऋतू प्रिया बच्चों के अख़बार, *टाबर टोली* की सह-सम्पादक हैं| राजस्थान की केन्द्रीय साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार से सम्मानित ऋतू राजस्थानी में कविता लिखती हैं| आपका प्रकाशित काव्य-संग्रह है: *सपना संजोवती हीरन* और *ठनिकधूज्वाई प्रेम*|

**रोअन्ना गोंसाल्वेस**
रोअन्ना गोंसाल्वेस पुरस्कृत लेखिका हैं| आपकी किताब *सुनीता डे सूजा गोज टू सिडनी*, का प्रकाशन ऑस्ट्रेलिया में *द परमानेंट रेजिडेंट* नाम से हुआ| आपकी किताब को वर्ष 2018 का NSW प्रीमियर'स लिटरेरी अवार्ड प्राप्त हुआ और उसे डोबी लिटरेरी अवार्ड 2018 के लिए लॉन्गलिस्ट किया गया| गोंसाल्वेस को ऑस्ट्रेलिया के प्राइम मिनिस्टर

द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित सम्मान से भी सम्मानित किया गया| आपकी प्रसिद्ध चार-भागों की रेडियो श्रृंखला को ABC RN के इअरशॉटप्रोग्राम में ब्रोडकास्ट किया गया|

**रोबर्ट स्वोबोदा**
रोबर्ट स्वोबोदा आयुर्वेद कॉलेज से स्नातक करने वाले और भारत में आयुर्वेद का अभ्यास करने वाले पहले पश्चिमी हैं| आयुर्वेद के औपचारिक प्रशिक्षण के दौरान और बाद में, डॉ. स्वोबोदा को उनके गुरु, अघोरी विमलानंदा से आयुर्वेद, योग, ज्योतिष, तंत्र और दूसरी भारतीय शिक्षाओं की प्राप्ति हुई| आपने दर्जनों किताबें लिखी हैं और न्यू मेक्सिको व वाशिंगटन के आयुर्वेद इंस्टिट्यूट में अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं|

**रोजर हाइफील्ड**
रोजर हाइफील्ड साइंस म्यूजियम ग्रुप के साइंस डायरेक्टर हैं| इससे पूर्व आप *न्यू साइंटिस्ट* के एडिटर और *द डेली टेलीग्राफ* के साइंस एडिटर थे| आपने अपने आठवीं किताब (पहली दो किताबें बेस्टसेलर थीं) पूरी की है, और आप *वायर्ड* के लिए लिखते हैं| आप यूसीएल और ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में विजिटिंग प्रोफेसर हैं|

**रोहिना थापर**
रोहिना थापर एक विजुअल डिजाइनर हैं, जिनकी दिलचस्पी एडिटोरियल डिजाइन में है| सृष्टि स्कूल ऑफ़ आर्ट, डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी से 2015 में स्नातक करने के बाद, आप कम्युनिकेशन के क्षेत्र में कार्यरत हैं| वर्तमान में आप आर्टफर्स्ट में पाठ्यक्रम से लेकर ब्रांड डिजाइन तक, सब संभालती हैं| आप अपने काम को स्व-प्रतिबिम्ब की तरह देखती हैं, और उसके माध्यम से बड़े मकसद की तलाश में हैं|

**रोहिणी चौधरी**
रोहिणी चौधरी एक साहित्यिक अनुवादक हैं| आपकी प्रमुख भाषाएं पूर्व-आधुनिक और आधुनिक हिंदी के साथ अंग्रेजी है| आपके अनुवादों में *रामचरितमानस* का अनुवाद शामिल है| आपने बच्चों के लिए भी बहुत सी किताबें लिखी हैं| आपकी 20 से अधिक प्रकाशित किताबें हैं| आपके लेखन में उपन्यास, लघु कथाएं और कथेतर शामिल हैं|

**रोशन अली**
रोशन अली एक उपन्यासकार हैं| आपके लेख *द हिन्दू* और *हफिंग्टन पोस्ट इंडिया* में छपते रहते हैं| आपके पहले उपन्यास *इब'स एंडलेस सर्च फॉर सेटिस्फेक्शन* को 2019 के शक्ति भट्ट फर्स्ट बुक प्राइज और 2019 जेसीबी प्राइज लिटरेचर के लिए शोर्टलिस्ट किया गया|

**रुथ पेडल**
रुथ पेडल पुरस्कृत कवयित्री और संरक्षणवादी हैं| आप किंग्स कॉलेज लंदन में काव्य की प्रोफेसर, जूलोजिकल सोसाइटी ऑफ़ लंदन और रॉयल सोसाइटी ऑफ़ लिटरेचर की सदस्य हैं| आप बाघ संरक्षण पर आधारित उपन्यास *टाइगर्स इन रेड वेदर;* किंग कोबरा के जीवन पर आधारित उपन्यास, *वेयर द सर्पेंट लिव्स* और हाल ही में डार्विन की परपोती द्वारा उसकी प्रकृतिवादी मां के जीवन और मृत्यु पर आधारित उपन्यास *एमराल्ड* की लेखिका हैं|

**सैफ महमूद**
सैफ महमूद की हालिया किताब है, *बिलव्ड दिल्ली: ए मुग़ल सिटी एंड हर ग्रेटेस्ट पोएट्स*| आप कविता और साहित्य के आलोचक, कमेंटेटर, अनुवादक और राइट्स एक्टिविस्ट हैं| भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वकील, आपने दक्षिण भारत में संवैधानिक कानून पर पीएचडी की है| आप बहुत से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मामलों को लेकर न्यायालय में गुहार लगाते रहते हैं| साउथ एशियन अलायन्स फॉर लिटरेचर, आर्ट एंड कल्चर के संस्थापक, डॉ. महमूद के लेख महत्वपूर्ण प्रकाशनों में छपते रहते हैं और आपके द्वारा किये गए उर्दू कवियों के काव्य के अंग्रेजी अनुवाद को दुनिया भर में सराहा गया है|

**सामंथ सुब्रमनियन**
सामंथ सुब्रमनियन एक पुरस्कृत पत्रकार हैं, जिनके लेख *द न्यू योर्कर, द न्यू यॉर्क टाइम्स मैगजीन, बिजनेस वीक, ग्रन्थ, वायर्ड* और *हार्पर'स* में छपते रहते हैं| आपकी हालिया किताब है, *ए डोमिनेंट कैरेक्टर*, एक वैज्ञानिक और कम्युनिस्ट जेबीएस हाल्डेन की जीवनी है| आपकी पहली किताब, *फोलोइंग फिश: ट्रेवल्स अराउंड द इंडियन कोस्ट*, ने शक्ति भट्ट फर्स्ट बुक प्राइज 2010 प्राप्त किया था और उसे 2013 के आंद्रे साइमन अवार्ड के लिए भी शोर्टलिस्ट किया गया था| आपकी दूसरी किताब, *दिस डिवाइडेड आइलैंड: स्टोरीज फ्रॉम द श्री लंकन वॉर*, ने 2015 का क्रॉसवर्ड प्राइज जीता था|

**संजोय के.रॉय**
संजोय के.रॉय कला के उद्यमी और टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं| टीमवर्क आर्ट्स हर साल दुनिया भर में 25 से अधिक परफोर्मिंग आर्ट्स, विजुअल आर्ट्स और बहुत से लिटरेरी फेस्टिवल प्रस्तुत करती है, जिसमें दुनिया का सबसे बड़ा फ्री फेस्टिवल, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल भी शामिल है| रॉय सलाम बालक ट्रस्ट के संस्थापक-ट्रस्टी भी हैं, जो दिल्ली में बच्चों के पुनर्वास और कल्याण के लिए समर्पित है| रॉय भारत के सांस्कृतिक क्षेत्र में अनेकों इंडस्ट्री के साथ काम करते हैं, और आप कई बड़ी कमेटियों के अध्यक्ष हैं|
**सारा पर्काक**
सारा पर्काक अलबामा यूनिवर्सिटी में एन्थ्रोपोलॉजी की प्रोफेसर हैं और ग्लोबलएक्स्प्लोरर की अध्यक्ष| आप इजिप्ट मिनिस्ट्री के अर्कियालोजिकल मिशन की सह-निदेशक हैं| आपकी किताब है *आर्कियोलोजी फ्रॉम स्पेस: हाउ द फ्यूचर शेप्स आवर पास्ट* और आपको 2016 के टेड प्राइज से सम्मानित किया गया|

**सारा राय**
सारा राय एक लेखिका और साहित्यिक अनुवादक हैं| आपके तीन कहानी संग्रह और एक उपन्यास प्रकाशित हो चुका है| आपकी चुनिंदा कहानियों के योहन्ना हान द्वारा किए गए जर्मन अनुवाद, *इम लेब्रिन्थ* को 2019 के कोबर्गरुकर्ट प्राइज द्वारा सम्मानित किया गया| आपका हालिया अनुवाद कार्य (अरविन्द कृष्ण मेहरोत्रा के साथ) विनोद कुमार शुक्ल की किताब का अनुवाद, ब्लू इज लाइक ब्लू है| वर्तमान में आप एक कहानी संग्रह और एक संस्मरण पर काम कर रही हैं|

**शर्मीला सेन** एक लेखिका हैं, जिनके संस्मरण *नॉट क्वाईट नॉट वाइट* को पुरस्कार से सम्मानित किया गया| आप हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस में संपादकीय निदेशक हैं| इससे पूर्व डॉ. सेन हार्वर्ड इंग्लिश डिपार्टमेंट फैकल्टी की सदस्य थीं|

**शेखर पाठक**
शेखर पाठक हिमालयी यायावर और इतिहासकार हैं| आपकी लिखी अनेकों किताबें, शोध पेपर और लेख प्रकाशित हो चुके हैं, साथ पहाड़ पर सम्पादित 20 संग्रह भी| आपकी हालिया किताब है *हरी-भरी उम्मीद*, जिसमें चिपको आंदोलन की चर्चा है| आपके निबंध संग्रह हैं *माता हिमालय, पिता हिमालय* और जल्द आने वाली किताब है *द आईडिया ऑफ़ ओपनिंग ऑफ़ हिमालय*|

**शिवशंकर मेनन**
शिवशंकर मेनन वर्तमान में अशोका यूनिवर्सिटी के विजिटिंग प्रोफेसर, इंस्टिट्यूट ऑफ़ चाइनीज स्टडीज की सलाहकार समिति के अध्यक्ष, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर के विजिटिंग रिसर्च फेलो, इंटरनेशनल क्राईसिस ग्रुप के बोर्ड मेम्बर और एशिया सोसाइटी पालिसी इंस्टीट्यूट के डिसटिंगूइश्ड फेलो हैं| आप जनवरी 2010 से मई 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे और उससे पूर्व अक्टूबर 2006 से अगस्त 2009 तक भारत के विदेश सचिव रहे| राजनयिक के रूप में आपने इजरायल, श्री लंका, चीन और पाकिस्तान में भारत के राजदूत या उच्चायुक्त के तौर अपनी सेवाएं दीं| आपने विएना में इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी में भारत के मिशन को प्रस्तुत किया और मुंबई में परमाणु ऊर्जा विभाग में अपनी सेवाएं दी| 2010 में फोरेन पोलिसी मैगजीन

ने आपको दुनिया के शीर्ष 100 ग्लोबल चिंतकों में शामिल किया| आपकी किताब, *चोइसेस: इनसाइड द मेकिंग ऑफ़ इंडियन फोरेन पॉलिसी*, वर्ष 2016 में प्रकाशित हुई|

**सोलेह वोल्फ**
सोलेह वोल्फ ईरान में पैदा हुई कवयित्री और नाटककार हैं| मिड-वेस्ट बुक अवार्ड और PEN/Heim से सम्मानित लेखिका ने कई नाटक, 12 काव्य संग्रह, अनुवाद और संग्रह लिखे हैं| आपकी कुछ प्रमुख किताबें हैं: *कीपिंग टाइम विद ब्लू हाइअसिन्थ* और *द कोंफ्रेन्स ऑफ़ द बर्ड्स*|

**शुभा मुद्गल**
शुभा मुद्गल हिंदुस्तानी क्लासिकल के खयाल और ठुमरी-दादरा की विशेषज्ञ हैं| भारतीय संगीत के जादुई और वैविध्यपूर्ण जड़ों से जुड़ी मुद्गल अनेकों दशकों से छात्र, कलाकार, शिक्षक, संगीतकार और स्तम्भकार रही हैं| हालिया प्रकाशित उनका पहला कहानी संग्रह संगीत के इर्दगिर्द घूमता है और उनकी अपनी आवाज को साकार करता है|

**शोनाली खुल्लर श्रॉफ**
शोनाली खुल्लर श्रॉफ एक लेखिका, पत्रकार और कोर्पोरेट कम्युनिकेशन प्रोफेशनल हैं| आपकी किताबें हैं *बैटल हाइम ऑफ़ ए बिविल्डर्ड मदर* और *लव इन द टाइम ऑफ़ एफ़्लुएन्ज़ा*| श्रॉफ नियमित रूप से आधुनिक भारतीय जीवन, यात्रा और महिलावाद पर *कोंडेनास्ट ट्रेवलर, द न्यू इंडियन एक्सप्रेस* और *एचटी ब्रंच* में लिखती रहती हैं| आपने पत्रकार बरखा दत्त के साथ काम करते हुए वर्ष 2017 से *वी द वीमेन* नाम के समिट की शुरुआत भी की|

**साइमन आर्मिटेज**
साइमन आर्मिटेज 2015 से 2019 तक ऑक्सफ़ोर्ड में पोएट्री के प्रोफेसर रहे और मई 2019 में आपको यूके पोएट लौरेट नियुक्त किया गया| आपके 12 काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जिनमें हालिया संग्रह हैं *पेपर एयरोप्लेन* और *सिलेक्टेड पोयम्स*| आपके मध्ययुगीन अनुवादों में *सर ग्वेन एंड द ग्रीन नाईट* शामिल है| आप प्रसारणकर्ता, नाटककार, उपन्यासकार, गायक-गीतकार और लेखक हैं| आर्मिटेज 'बैंड लैंड याट रेगाता' के साथ रिकोर्डिंग करते हैं और लीड्स यूनिवर्सिटी में पोएट्री के प्रोफेसर हैं|

**सिमोन श्कामा**
सिमोन श्कामा कोलम्बिया यूनिवर्सिटी में आर्ट हिस्ट्री और हिस्ट्री के प्रोफेसर हैं और फाइनेंशियल टाइम्स में कंट्रीब्युटिंग एडिटर हैं| सर सिमोन ने 19 बहु-पुरस्कृत किताबें लिखी हैं और बीबीसी के लिए कला, इतिहास और साहित्य पर 50 डॉक्यूमेंट्री लिखी-प्रस्तुत की हैं| बीबीसी पर आपकी हालिया सीरिज थी सिविलाइजेशन| वर्ष 2019 में *वर्डी साउंडिंग ऑफ़ ऑन हाई आर्ट, लो एपेटाइट एंड द पावर ऑफ़ मेमरी* प्रकाशित हुई थी|

**स्टीफन फ्रेड्रिक डेल**
स्टीफन फ्रेड्रिक डेल दक्षिण एशियाई और इस्लामिक इतिहास के एमिरिट्स प्रोफेसर और द ओहिओ स्टेट यूनिवर्सिटी के डिसटिंगूइश्ड यूनिवर्सिटी स्कोलर हैं| आप पहले वर्ष 1963 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के फुलब्राइट लेक्चरार के तौर पर आये थे और वर्ष 1967 में केरल के मुस्लिमों पर शोध करने के लिए वापस चले गए| आपकी प्रकाशित किताबें हैं: *इस्लामिक सोसाइटी ऑन द साउथ एशियन फ्रंटियर: द मैपिल्स ऑफ़ मालाबार 1498-1922, इंडियन मर्चेंट एंड यूरेशियन ट्रेड 1600-1750, द गार्डन ऑफ़ द ऐट पेराडाइज: बाबर एंड द कल्चर ऑफ़ एम्पायर इन सेन्ट्रल एशिया, अफगानिस्तान एंड इंडिया, द मुस्लिम एम्पायर ऑफ़ द ओटोमंस, साफाविदस एंड मुगल्स, द ओरेंज ट्री ऑफ़ मर्रकेश: इब्न खाल्डून एंड द साइंस ऑफ़ मैन* और *बाबर: टिमुरिड प्रिंस एंड मुग़ल एम्परर*|

**स्टीफन ग्रीनब्लाट**

स्टीफन ग्रीनब्लाट हार्वर्ड में ह्युमेनिटीज के कोगन यूनिवर्सिटी प्रोफेसर हैं| आपने 14 किताबें लिखी हैं, जिसमें *टाइरन्ट: शेक्सपियर ऑन पावर, द स्वर्व: हाउ द वर्ल्ड बिकेम मॉडर्न* और *विल इन द वर्ल्ड: हाउ शेक्सपियर बिकेम शेक्सपियर*| आपको होलबर्ग प्राइज, द पुलित्ज़र प्राइज, द नेशनल बुक अवार्ड और मेलन डिसटिंगुइश्ड ह्युमेनिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया|

**स्टीफन सेक्सटन**
स्टीफन सेक्सटन 2016 यूके नेशनल पोएट्री कम्पीटीशन के विजेता और उत्तरी आयरलैंड के आर्ट्स काउंसिल द्वारा दिए गए ACES अवार्ड के विजेता हैं| 2018 में आपको एरिक ग्रेगरी अवार्ड प्राप्त हुआ| आपकी किताब *इफ आल द वर्ल्ड एंड लव वर यंग* को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था|

**सुदीप चक्रवर्ती**
सुदीप चक्रवर्ती की हालिया प्रकाशित किताब है, *प्लासी: द बैटल दैट चेंज्ड द कोर्स ऑफ़ इंडियन हिस्ट्री*| आपने अनेकों कथेतर श्रेणी की किताबें लिखी हैं, जिनमें प्रमुख हैं, *द बंगाली: ए पोर्ट्रेट ऑफ़ ए कम्युनिटी, रेस सन, हाईवे 39* और *क्लियर होल्ड बिल्ड*, जिसे वर्ष 2014 में एशियाई पब्लिशिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया था| आपके तीन उपन्यास हैं: *टिन फिश, द एवेन्यू ऑफ़ किंग्स* और *द बैपटीज्म ऑफ़ टोनी कालंगुएट*| अपने बहुत सी कहानियां और निबन्ध भी लिखे हैं| आपकी किताबों का बहुत सी भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद हुआ है| चक्रवर्ती भारत के प्रमुख स्तम्भकार भी हैं, जो बिजनेस और मानवाधिकारों पर लिखते हैं|

**सुधा सदानंद**
सुधा सदानंद वेस्टलैंड पब्लिकेशन में सीनियर मैनेजिंग एडिटर हैं और आपकी विशेषता कथेतर, राजनीति और करेंट अफेयर्स में है| वेस्टलैंड के साथ अपने सात साल के कैरियर में आपने पवन वर्मा, डॉ. सुरजीत भल्ला, वीर सांघवी जैसे नामी लेखकों को प्रकाशित किया| वेस्टलैंड से पूर्व, आपने अपना अधिकांश समय टीवी इंडस्ट्री में बिताया और टाइम्स नाउ, स्टार टीवी और नेशनल ज्योग्राफिक चैनल में विभिन्न पदों पर रहीं|

**सुजीव शाक्य**
सुजीव शाक्य एक उपदेशक हैं, जो अपने शब्दों से पूरी दुनिया में भ्रमण करते हैं| अपनी किताब *अनलीशिंग नेपाल* में प्रस्तुत आशावाद के लिए आपको नेपाल के सीईओ (चीफ एटर्नल ऑपटिमिस्ट) ख़िताब से नवाजा गया| आप बिजनेस, विकास, अर्थव्यवस्था और नेतृत्व जैसे विषयों पर लिखते और बोलते हैं| आप *काठमांडू पोस्ट* में नियमित रूप से स्तम्भ लिखते हैं|

**सुकेतु मेहता**
सुकेतु मेहता की किताब है, *मैक्सिमम सिटी: बॉम्बे लॉस्ट एंड फाउंड*, जिसे किरियामा प्राइज और हच क्रॉसवर्ड अवार्ड प्राप्त हुआ था| इस किताब को वर्ष 2005 के पुलित्जर सहित बहुत से प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए भी शोर्टलिस्ट किया गया था| आपको अपने काम के लिए वाइटिंग राइटर'स अवार्ड, ओ.हेनरी प्राइज और न्यू यॉर्क फाउंडेशन की आर्ट्स फेलोशिप भी मिली थी| मेहता के लेख *द न्यू योर्कर, द न्यू यॉर्क टाइम्स मैगजीन, नेशनल ज्योग्राफिक, ग्रान्ट, हार्पर मैगजीन* इत्यादि में छपते रहते हैं| मेहता न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी में जर्नलिज्म के एसोसिएट प्रोफेसर हैं| आपकी हालिया प्रकाशित किताब है *दिस लैंड इज आवर लैंड*| आप न्यू यॉर्क में समकालीन अप्रवासी लोगों पर भी एक शोध कर रहे हैं, जिसे गुगेनहेम फेलोशिप ने स्पोंसर किया है|

**सनी सिंह**
सनी सिंह की अनेकों किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं| आपकी लघु-कथा, रचनात्मक कथेतर और अकादमिक लेखन दुनिया भर की प्रमुख जरनलों और संग्रहों में छपता है| सिंह झलक प्राइज की संस्थापक भी हैं, जो साल के श्रेष्ठ किताब को प्रदान किया जाता है| वर्तमान में आप ऐतिहासिक ऑथर'स क्लब की अध्यक्षा हैं|

**सुप्रिया गांधी**
सुप्रिया गांधी मुग़ल भारत की इतिहासकार हैं और येल यूनिवर्सिटी में रिलीजियस स्टडीज पढ़ाती हैं| आपका पालन-पोषण भारत में हुआ और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी| आपने ईरान और सीरिया में भी अध्यापन कार्य किया है| आपकी प्रकाशित किताब है *द एम्परर हू नेवर वास: दारा शुकोह इन मुग़ल इंडिया*|

**तलत अहमद**
तलत अहमद साउथ एशियन हिस्ट्री में लेक्चरार, एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज की सह-निदेशक, और रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के फेलो हैं| डॉ. अहमद *लिटरेचर एंड पॉलिटिक्स इन द ऐज ऑफ़ नेशनलिज्म: द प्रोग्रेसिव एपिसोड इन साउथ एशिया, 1932-56* की लेखिका हैं, जिसका दूसरा संस्करण जल्द ही आने वाला है| उनकी हालिया प्रकाशित किताब है, *मोहनदास गांधी: एक्सपेरिमेंट्स इन सिविल डिसओबिडीयंस*|

**टेरेंस वार्ड**
टेरेंस वार्ड की किताबों में *सर्चिंग फॉर हसन: ए जर्नी टू द हार्ट ऑफ़ ईरान, द गार्जियन ऑफ़ मर्सी: हाउ एन एक्स्ट्राऑर्डिनरी पेंटिंग बाय कारावगिओचेंज्ड एन ऑर्डिनरी लाइफ* और आपकी हालिया प्रकाशित किताब है *द वहाबी कोड: हाउ द सऊदी स्प्रेड एक्सट्रीमिज्म ग्लोबली*|

**थांट मिंट-यू**
थांट मिंट-यू ने बर्मा और एशिया के इतिहास पर चार किताबें लिखी हैं, जिनमें हालिया प्रकाशित किताब है, *द हिडन हिस्ट्री ऑफ़ बर्मा: रेस, कैपिटलिज्म, एंड द क्राइसिस ऑफ़ डेमोक्रेसी इन द 21स्ट सेंचुअरी*| हार्वर्ड और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से शिक्षित, थांट ट्रिनिटी कॉलेज, कैम्ब्रिज में ब्रिटिश इतिहास पढ़ाते हैं| आपने यूनाइटेड नेशन के तीन शांति वार्ता अभियानों में भी भागीदारी की| वर्ष 2007 से, आप म्यांमार के अनेकों सुधार कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं| आपको भारत के सबसे प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान के साथ अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है|

**टिली ब्लीथ**
टिली ब्लीथ बीबीसी की 20-भागों की विशेष सीरिज *द आर्ट ऑफ़ इन्नोवेशन* की सह-प्रस्तुतकर्ता हैं| इस सीरिज में पिछले 250 वर्षों में कला और विज्ञान की संस्कृति को साझा किया गया है| इस ट्रांसमीडिया प्रोजेक्ट में एक किताब और एक प्रदर्शनी शामिल है| डॉ. ब्लीथ लंदन के साइंस म्यूजियम की कलेक्शन हेड और मुख्य क्यूरेटर हैं, जहां आप म्यूजियम की शोध, लाइब्रेरी और आर्काइव विभाग की जिम्मेदार हैं| डॉ. ब्लीथ ब्रिटिश अकादेमी ऑफ़ फिल्म, टेलीविजन और आर्ट्स की सदस्य हैं और इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण संस्थानों से जुड़ी हैं|

**टॉम होलेंड**
टॉम होलेंड प्राचीन और मध्ययुगीन इतिहास पर कई पुरस्कृत किताबें लिखने वाले लेखक हैं| आपकी हालिया किताब, *डोमिनियन*, ईसाइयत का इतिहास बताती है| आपने डायनासोर से लेकर आईएसआईएस तक जैसे विविध विषयों पर अनेकों टीवी डॉक्यूमेंट्री बनाई हैं| आप सर आर्थर कोनन डोयले द्वारा स्थापित, ऑथर्स XI क्रिकेट टीम के सदस्य हैं|

**टॉम सेगेव**
टॉम सेगेव इजरायल के जाने-माने पत्रकार और इतिहासकार हैं| वर्ष 1945 में, जेरूसलम में पैदा हुए, टॉम पिछले 39 सालों से *हारेट्ज़* में नियमित रूप से साप्ताहिक स्तम्भ लिख रहे हैं| इजरायली इतिहास और होलोकास्ट पर

आधारित, सेगेव की किताबों का 16 भाषाओँ में अनुवाद हो चुका है| आपकी हालिया प्रकाशित किताब है: *ए स्टेट एट एनी कॉस्ट: द लाइफ ऑफ़ डेविड बेन-गुरिओन*|

**वाणी त्रिपाठी**
वाणी त्रिपाठी टिकू केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सबसे युवा सदस्य हैं| आपके प्रचार और आउटरीच प्रोग्राम महिलाओं की शिक्षा, सक्षमता और रोजगार जैसे मसलों के साथ ही राजनीति में उनकी भागीदारी का समर्थन करते हैं| टिकू ने थियेटर, फिल और टेलीविजन में भी काम किया है| आपने लगभग 50 नाटकों, 40 टेलीविजन शो और छह फिल्मों में अभिनय किया है| वर्ष 2011 में, आपने मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय की स्थापना की, ये देश का सबसे पहला राज्य समर्थित ड्रामा स्कूल बना| टिकू वर्तमान में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ इंडिया की मुख्य कमिटी का हिस्सा हैं|

**वर्गीस के. जॉर्ज**
वर्गीस के. जॉर्ज *द हिन्दू* के डिप्टी रेजिडेंट एडिटर हैं| आपकी किताब *ओपन एम्ब्रेस: इंडिया-यूएस टाईस इन द ऐज ऑफ़ मोदी एंड ट्रम्प* में दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों की प्राथमिक रणनीति और आपसी संबंध पर चर्चा की गई है| किताब में दोनों देशों की घरेलु राजनीति और विदेश नीति को कवर किया गया है| आपको RNG जर्नलिस्ट ऑफ़ द ईयर और राजनैतिक पत्रकारिता के प्रेम भाटिया अवार्ड से सम्मानित किया गया|

**वरुण थॉमस मेथ्यु**
वरुण थॉमस मेथ्यु लेखक और वकील हैं| आपका पहला उपन्यास, *द ब्लैक द्वार्वेस ऑफ़ द गुड लिटिल बे*, 2019 में प्रकाशित हुआ और टाटा लिटरेचर लाइव फर्स्ट बुक अवार्ड के लिए शोर्टलिस्ट हुआ|

**विजू बी**
विजू बी कामयाब किताब *फ्लड एंड फरी* के लेखक और *टाइम्स ऑफ़ इंडिया*, कोची के मेट्रो एडिटर हैं| आप विकास, पर्यावरण और संस्कृति जैसे मसलों को कवर करते हैं| मुंबई में विविध अख़बारों के लिए काम करते हुए, आपने 26/7 की मुंबई बाढ़, 26/11 का आतंकी हमला और गुजरात दंगों को कवर किया था| आप वेस्टर्न घाट पर होने वाले सिन्धुदुर्ग खदान घोटाले को सबके सामने लाये| अपनी किताब में आपने पश्चिमी-घाट पर हो रहे बड़े स्तर पर खुदाई, उत्खनन, वन-कटाई और जल संसाधन के दुरुपयोग पर रौशनी डाली है|

**विशाल भरद्वाज**
विशाल भरद्वाज एक फिल्म निदेशक, लेखक, संगीतकार और निर्माता हैं| आपकी निर्देशित फिल्मों में *मकड़ी, द ब्लू अम्ब्रेला, कमीने, 7 खून माफ़, मटरू की बिजली का मंडोला, रंगून, पटाखा* और शेक्सपियर के उपन्यासों पर बनी चर्चित तीन फ़िल्में *मकबूल, ओमकारा* और *हैदर* (क्रमश: *मैकबेथ, ओथेलो* और *हेमलेट*)| आपको सात नेशनल अवार्ड और केरल स्टेट अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया है| आपने मानसून वेडिंग के ब्रोडवे म्यूजिकल के लिए संगीत दिया| वर्ष 2018 में, भरद्वाज का पहला काव्य संग्रह *न्यूड* प्रकाशित हुआ|

**विशेष कोठारी**
विशेष कोठारी राजस्थान के सादुलपुर-राजगढ़ से हैं और राजस्थान की लोक व वाचिक परम्परा में आपकी गहरी दिलचस्पी है| आपने दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, यूके से शिक्षा ग्रहण की|

**विवेक तेजुजा**
विवेक तेजुजा खाने के शौक़ीन हैं और बिल्लियों से प्यार करते हैं और वो किताबों के अलावा और कुछ नहीं चाहते| संयोग से लेखक बने विवेक चाहते हैं कि जिन्दगी में लिखने और पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा समय मिलना ही

चाहिए| आप *वर्व मैगजीन* के कल्चर एडिटर हैं| मुंबईकर विवेक की कल्पना और जिंदगी में समुद्र इस कद्र घुला-मिला है कि उसे अलग कर पाना नामुमकिन है|

**वेजियन शेन**
वेजियन शेन पीएजी के सीईओ एयर चेयरमैन हैं| पीएजी एक प्राइवेट इक्विटी फर्म है, जिसकी मैनेजमेंट में 35 बिलियन डॉलर की पूंजी है| पीएजी से पहले आप सेन फ्रांसिस्को की प्राइवेट इक्विटी फर्म टीपीजी के पार्टनर थे| इससे पूर्व शेन जेपी मॉर्गन के प्रबंध निदेशक, और पेन्सिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के व्हार्टन स्कूल के असिस्टंट प्रोफेसर रहे| शेन की प्रकाशित किताबें हैं *आउट ऑफ द गोबी, माय स्टोरी ऑफ़ चाइना एंड अमेरिका*| आपके लेख *फाईनेंशियल टाइम्स, द न्यू यॉर्क टाइम्स, द वाल स्ट्रीट जर्नल, फोरेन अफेयर्स* इत्यादि में छपते रहते हैं|

**विलियम डैलरिम्पल**
विलियम डैलरिम्पल *इन ज़ानाडू, सिटी ऑफ़ जिन्न, फ्रॉम द होली माउंटेन, ऐज ऑफ़ काली, वाइट मुग़ल, द लास्ट मुग़ल, नाइन लाइव, रिटर्न ऑफ़ ए किंग* और *कोहिनूर* जैसी सफल किताबों के लेखक हैं| आपको इतिहास के लिए दिए जाने वाले वोल्फसन प्राइज के साथ थॉमस कुक, द हेमिंग्वे, द डफ कूपर मेमोरियल प्राइज जैसे अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया है| आपकी *रिटर्न ऑफ़ ए किंग* को सेमुएल जॉनसन/ बैली गिफ्फोर्ड प्राइज के लिए शोर्टलिस्ट किया गया था| आपको ब्रिटिश अकादेमी ने प्रेजिडेंट मेडल से भी सम्मानित किया| आपकी हालिया प्रकाशित किताबें हैं, *द अनार्की: द रिलेंटलेस राइज ऑफ़ द ईस्ट इंडिया कम्पनी* और *फॉरगोटन मास्टर्स: इंडियन पेंटिंग फॉर द ईस्ट इंडिया कम्पनी*| डैलरिम्पल जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के संस्थापकों में से एक और सह-निदेशक हैं|

**विलियम फीवर**
विलियम फीवर एक चित्रकार, लेखक और क्यूरेटर हैं| आपकी लिखी किताब *द लाइव ऑफ़ लुसियन फ्रायड* खासी चर्चा में रही| आप 23 सालों तक *द ऑब्जर्वर* के कला समीक्षक रहे| आपकी किताब *पिटमैन पेंटर्स* को ली हॉल ने वर्ष 2007 से मंच के माध्यम से पूरी दुनिया में प्रदर्शित किया|

**यशिका दत्त**
यशिका दत्त एक लेखिका और पत्रकार हैं, जो दलितों पर इंडियन मीडिया का नजरिया प्रस्तुत करती हैं| उनकी पहली किताब *कमिंग आउट एज दलित* को हाल ही में भारतीय उपमहाद्वीप में काफी सराहा गया और लगभग हर बड़े प्रकाशन ने उसकी समीक्षा छापी| वो जल्द ही अपनी किताब संयुक्त राज्य और पूरी दुनिया तक ले जाने वाली हैं, जिससे दलित वर्णन पर वैश्विक दृष्टिकोण बन सके|